मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
रांची, रविवार, 1 जून 2025
संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-5 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 267, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028
सांध्य दैनिक


4 ▶▶ बनना चाहते हैं एचआर... तो जानिए इसके लिए क्या करना होगा



एश्वर्या की कॉपी कहे जाने पर आगबबूला उर्वशी ◀◀ 6

# मिल्क वैन की टक्कर से कार चालक की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार मिल्क वैन ने निजी कार को टक्कर मार दी, जिसमें कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नामकुम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है।

हादसे के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हो गए और मुआवजे तथा दोषी ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सड़क जाम होने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और लंबी लाइनें लग गईं। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाया। मिल्क वैन को जब्त कर लिया गया है और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## युवक की चाकू मारकर हत्या, सनसनी

संवाददाता



**गुमला:** जिले के भरनो प्रखंड के कुसुम्बाहा गांव स्थित सिमरदोन डोभा के पास आज रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना पाकर थानेदार कंचन प्रजापति सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। मृतक की पहचान उसी गांव के झलकू उरांव के 25 वर्षीय पुत्र सोनू उरांव के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने चाकू के मारकर हत्या की आशंका जतायी है।

**मां के साथ शादी समारोह में गया था युवक:** घटना के संबंध में मृतक की मां हीरा उराइंन ने बताया कि बीती रात वह बेटे के साथ एक शादी समारोह में गयी थी। रात करीब 10 बजे सोनू अपनी मां को घर पहुंचाकर बाहर चला गया था। रातभर सोनू घर नहीं आया। सुबह सूचना मिली कि उसका शव डोभा के पास मिला है। परिजनों और ग्रामीणों ने आशंका जतायी है कि सोनू की हत्या किसी दूसरे स्थान पर की गयी और शव डोभा के पास लाकर फेंक दिया गया।

**दंपत्ति ने सोनू को लिया था गोद:** मृतक के माता-पिता ने सोनू को धुर्वा के कतरीटोली निवासी एक व्यक्ति से गोद लिया था और बड़े लाड प्यार से लालन-पालन कर उसे बड़ा किया। दंपत्ति की अपनी कोई संतान नहीं है। सोनू बंगाल के ईंट भट्ठा में काम करता था। एक सप्ताह पूर्व ही वह वापस गांव लौटा था। इस मामले में थानेदार कंचन प्रजापति ने कहा पुलिस हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा। मृतक के दाहिने कंधे के नीचे धारदार हथियार से वार कर हत्या की गयी है।

## जंगल में चल रहे साइबर रैकेट का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार

**देवघर :** साइबर थाने की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, टीम ने मोहनपुर थाना क्षेत्र के चौपा गांव के पास जंगल में छापेमारी की और साइबर ठगी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में दो साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को अपने झांसे में लेते थे, फिर ठगी की घटना को अंजाम देते थे।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी क्रेडिट कार्ड अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों से केवाइसी अपडेट कराने, पीएम किसान योजना और एसबीआई क्रेडिट कार्ड से जुड़ा फर्जी लिंक भेजकर साइबर ठगी करते थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वे अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल कर उपभोक्ताओं को भ्रमित करते थे और उनसे गोपनीय जानकारी हासिल कर खाते से पैसे उड़ा लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा गांव का रहने वाला नवदीप कुमार मंडल और चितरपोका गांव का रहने वाला हरकिशोर कुमार राय शामिल हैं। ये जंगल में बैठकर ठगी की घटना को अंजाम देते थे।

इधर, छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल सहित छह सिम कार्ड और दो प्रतिबिंब सिम बरामद किये हैं। जांच में सामने आया है कि इनलोगों के पास से बरामद दो मोबाइल नंबरों के खिलाफ प्रतिबिंब पोर्टल पर ऑनलाइन ठगी की कई शिकायतें पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपितों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। छापेमारी में साइबर थाने के इंस्पेक्टर त्रिलोचन तामसोय, एसआई टेकलाल मेहता और सशस्त्र बल शामिल थे।

### हिमाचल के मंडी जिले में बड़ा हादसा

## आईआईटी के पास पुल से गिरी गाड़ी, पंजाब के पांच लोगों की मौत



संवाददाता

**मंडी :** हिमाचल के मंडी जिले में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां आईआईटी के पास नए पुल से पंजाब के लोगों की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक पंजाब नंबर की गाड़ी पीबी 02 ईजी 4543 नंबर आईआईटी की ओर जा रही थी। इसमें 6 लोग सवार थे।

गाड़ी वहां बने नए पुल, जिसका उद्घाटन नहीं हुआ था, उस पर उतर गई। एकदम उतराई के बाद पुल पर मुड़ने से चालक से गाड़ी नियंत्रित नहीं हुई और रेलिंग पर चढ़ गई। गाड़ी में सवार पांच लोग ऊहल नदी और सड़क पर गिरे जिससे उनकी मौत हो गई। जबकि एक घायल है। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि ये सब्जी की सप्लाई लेने के लिए कुल्लू की ओर जा रहे थे। एसएचओ पद्धर सौरभ ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच नहीं हो पाई है।

## पैसेंजर ट्रेन को पलटने की साजिश नाकाम, लोको पायलट की सुझबूझ से बची लोगों की जान

### ट्रैक पर रखे लोहे और सीमेंट के पाइप



**शामली :** दिल्ली से शामली होते हुए सहारनपुर जाने वाली ट्रेन को पलटाने की साजिश को लोको पायलट की सतर्कता से नाकाम कर दिया गया। बलवा-शामली रेलवे ट्रैक पर सीमेंट व लोहे के पाइप और कई बड़े पत्थर रखे गए थे। समय रहते ट्रेन रोके जाने से बड़ा हादसा टल गया।

यह घटना शनिवार रात की है। दिल्ली से शाम सात बजे चलकर सहारनपुर जाने वाली ट्रेन जब रात करीब साढ़े नौ बजे बलवा और शामली स्टेशन के बीच पहुंची, तो लोको पायलट ने ट्रैक पर बाधाएं देख लीं। उसने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी और आरपीएफ व जीआरपी को सूचना दी। सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी, स्थानीय पुलिस और एसपी राम सेवक गौतम मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान ट्रैक से सीमेंट और लोहे के पाइप, साथ ही बड़े पत्थर हटवाए गए। फिलहाल आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपितों की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के गांवों में दबिश दे रही है। वहीं, रविवार सुबह से गुजरने वाली ट्रेनों के दौरान रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आरपीएफ और जीआरपी पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को आयेंगी देवघर

## एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन



**देवघरः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 जून को एम्स में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह के लिए देवघर आ रही हैं। राष्ट्रपति आगमन को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून की देर शाम विशेष विमान से देवघर पहुंचेगी और फिर 11 जून को एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस दीक्षांत समारोह से पहले राष्ट्रपति का बाबा मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम है।

**राष्ट्रपति के दौरे को सफल बनाने में जुटा प्रशासनः** जिला प्रशासन ने इसे देखते हुए शनिवार देर शाम को पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की है। जिसमें जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के अलावा रूट लाइन की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बाबा बैद्यनाथ मंदिर, एम्स, एयरपोर्ट, सर्किट हाउस में साफ सफाई, बिजली व्यवस्था को व्यवस्थित करने का दिशा निर्देश भी उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को दिया गया है। वहीं, राष्ट्रपति के आने जाने वाले रूट लाइन पर पुलिस कर्मियों की तैनाती, ट्रैफिक पुलिस कर्मी की पोस्टिंग, रूट लाइन सहित सभी पहलुओं की तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में एसडीओ रवि कुमार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, हेडक्वार्टर डीएसपी वेंकटेश प्रसाद, डीसीपी लक्ष्मण प्रसाद सहित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 24 रुपया हुआ सस्ता



**नई दिल्ली :** जून की शुरूआत के साथ ही आम जनता और व्यापारियों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। तेल विपणन कंपनियों ने 1 जून से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 24 की कटौती की है। अब दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर घटकर 1723.50 रुपये का हो गया है, जो 1747.50 रुपये का मिल रहा था। इसके अलावा कोलकाता में ये 1826 रुपये का, मुंबई में 1674.50 रुपये का और चेन्नई में घटकर 1881 रुपये का हो गया है। तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं, जो वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों, टैक्स नीतियों और मांग-आपूर्ति जैसे बाजार कारकों पर निर्भर करता है। इस बार की कटौती का फायदा सीधे तौर पर होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगा, जहां बड़े पैमाने पर एलपीजी की खपत होती है। सिलेंडर की कीमतों में इस कटौती से इन व्यापारियों की परिचालन लागत कुछ हद तक कम होगी, जिससे उन्हें वित्तीय राहत मिलेगी। इसका अप्रत्यक्ष फायदा आम उपभोक्ताओं को भी मिल सकता है, क्योंकि लागत में कमी का असर सेवाओं और खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है। यह नियमित संशोधन एलपीजी बाजार की गतिशील प्रकृति को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, टैक्स नीतियों में बदलाव और स्थानीय मांग-आपूर्ति की स्थिति, ये सभी मिलकर एलपीजी की कीमत तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जून 2025 की यह कटौती छोटी जरूर है, लेकिन इसका असर बड़ा माना जा सकता है। तेल कंपनियों के इस फैसले से जहां कारोबारियों को राहत मिलेगी, वहीं ग्राहकों पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

### भारत की पाकिस्तान को दो टूक

## आतंक फैलाने वाला पाक, सिंधु जल संधि उल्लंघन का दोष हम पर न मढ़े



**नई दिल्ली :** भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कड़ा जवाब दिया है। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान को इस संधि के उल्लंघन के लिए भारत पर दोषारोपण करने से पहले अपनी ही धरती से फैल रहे सीमा पार आतंकवाद पर लगाम लगानी चाहिए, क्योंकि यही आतंकवाद संधि के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी बाधा है।

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित ग्लेशियर्स पर पहले सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए भारत के पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान की ओर से इस वैश्विक मंच का दुरुपयोग करने और ऐसे मुद्दे उठाने की कोशिश की निंदा करते हैं, जो इसके दायरे में नहीं आते।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सिंधु जल संधि को सद्भावना और मित्रता की भावना के साथ निष्पक्षता से लागू किया जाना चाहिए, लेकिन पाकिस्तान से होने वाला लगातार सीमा पार आतंकवाद भारत की वैध जल उपयोग की क्षमता में हस्तक्षेप कर रहा है।

सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि 1960 में संधि पर हस्ताक्षर होने के बाद वैश्विक और क्षेत्रीय परिस्थितियों में बुनियादी बदलाव आए हैं। इसमें तकनीकी प्रगति, जनसंख्या वृद्धि, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं, जिनके कारण संधि की शर्तों पर पुनर्विचार की जरूरत महसूस होती है।

इससे पहले, उसी सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर सिंधु जल संधि को एकतरफा और अवैध तरीके से स्थगित करने का आरोप लगाया था। शरीफ ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान रेड लाइन पार करने की इजाजत नहीं देगा और भारत को राजनीतिक लाभ के लिए करोड़ों लोगों की जिंदगी को खतरे में नहीं डालना चाहिए। हालांकि, भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जो देश खुद आतंकवाद को प्रश्रय देता है, उसे दूसरों पर अंतरराष्ट्रीय समझौतों के उल्लंघन का आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

## देश में कोरोना के बढ़ते मामलों ने डराया, सक्रिय मरीज अब 3758, केरल में आंकड़ा 1400 के पार

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों ने डराना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। केरोना को मात देने वालों की बात करें तो बीते दिन से अब तक 1818 लोग संक्रमण से मुक्त हुए, जबकि दो कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है। महाराष्ट्र-दिल्ली में 400 से ज्यादा एक्टिव केसः राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1400 पहुंच गया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287, कर्नाटक में 238, तमिलनाडु में 199 और उत्तर प्रदेश में 149 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं। दो संक्रमितों की जान गईः कोरोना से होने वाली मौतों की बात करें तो बीते दिन से अब तक दो कोरोना संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई है। मौतें केरल और कर्नाटक में दर्ज की गईं। कर्नाटक में 63 वर्षीय पुरुष और केरल में 24 वर्षीय महिला की मौत हुई। दोनों अन्य बीमारियों से भी परेशान थे।

## नॉर्थ-ईस्ट में मूसलाधार बारिश का कहर, अब तक 25 लोगों की मौत, बाढ़-लैंडस्लाइड ने भी मचाई तबाही

**गुवाहाटी/इम्फाल :** असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर सहित पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में मूसलाधार मानसूनी बारिश ने तबाही मचा दी है। बीते दो दिनों से जारी भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन द्वारा तेजी से राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। राज्य की राजधानी गुवाहाटी में भूस्खलन की चपेट में आकर कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। पहाड़ियों में लगातार बारिश के कारण मिट्टी ढीली हो गई, जिससे एक बड़ा हिस्सा खिसककर घरों पर आ गिरा। इसके अलावा गोलाघाट जिले में दो और लखीमपुर में एक व्यक्ति की बाढ़ में डूबने से मौत हो गई।

## न्यूज ब्रीफ



### जेंडर शपथ समारोह का आयोजन

**मुरी:** जेएसपीएल के माध्यम से बडा मुरी में जेंडर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। लिंग आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए सभी ग्राम संगठन दीदियों को शपथ दिलाई गई। प्रेरणादायक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। हेल्प लाइन नंबर की महत्व को बताया गया।

### दारोगा के बंद घर से 50 हजार नकद व गहनों की चोरी



**चतरा:** शहर के वादी-ए-इरफा हड़वनिया निवासी जफर अली के घर शुक्रवार की देर रात चोरी हो गयी। चोर दरवाजा का ताला तोड़ कर घर में घुसे और बक्सा का ताला तोड़ कर 50 हजार नकद व सोने चांदी का गहना लेकर फरार हो गये। जफर अली जमशेदपुर में पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। रात में ही घर का दरवाजा का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने इसकी जानकारी फोन के माध्यम से दारोगा जफर अली को दी। जफर अली ने सदर पुलिस को घर में चोरी होने की जानकारी दी।सूचना पाकर पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी ली। दारोगा शनिवार की शाम घर लौटे तो देखा कि 50 हजार नकद के अलावा सोने की दो अंगूठी, एक नथिया व चांदी का एक जोड़ा पायल गायब है। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में पुलिस अधीक्षक की विदाई सह सम्मान समारोह में थे।इसी दौरान घर के आसपास के लोगो ने फोन कर चोरी की जानकारी दी।बताया कि चार दिन पूर्व ही परिवार के साथ घर बंद कर चतरा से निकले थे।

### किसान की जुड़वां बेटियां बनी इंटरमीडिएट साइंस में जिला टॉपर ,राज्य में आठवां स्थान



**चतरा:** हौसले बुलंद हो और दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो आंधी, तूफान,बारिश धूप की तपिश, मजबूरी और गरीबी कोई मायने नहीं रखता है।उसके हौसले बुलंदियों को छूने में रोड़ा नहीं बन सकती।उक्त पंक्तियां राज्य समेत जिला में मुकाम हासिल करने में जुड़वां बहनों ने कर दिखाया है, जो दूसरों के लिए प्रेरणा साबित होगा।ज्ञात हो कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा आयोजित इस वर्ष का इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी होते ही जिले में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।चतरा जिला के हंटरगंज प्रखण्ड के ग्राम कांसीकेवाल निवासी प्रमोद यादव और उनकी पत्नी अनीता देवी की जुड़वां पुत्रियों ने साइंस फैकल्टी में राज्य में आठवां स्थान प्राप्त कर जिला में टॉप वन और टू स्थान प्राप्त करने में सफल रही है।माता पिता समेत स्कूल के गुरुजन और क्षेत्र का नाम रौशन की है।इस बाबत पिता ने बताया कि पांच बच्चियों में स्नेहा कुमार और नेहा कुमारी दोनों ईश्वर की दया से जुड़वां पैदा हुए और गरीबी में भी दोनों का लालन पालन शिक्षा दीक्षा में कोई कमी नहीं होने दिया।किसानी और टेंट का काम दिन रात मेहनत कर के करता रहा।जुड़वां बच्चियों में पढ़ने का लगन और मेहनत ने पढ़ाने का हौसला दिया।किसानी और टेंट से जो भी कमाया शिक्षा दीक्षा में ही खर्च करता गया।साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण स्कीम सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना से मिलने वाला लाभ से भी पढ़ाई में काफी सहायता मिला है।आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए कोई बाधा नहीं है मेहनत जारी रहेगा।स्नेह कुमारी 469 अंक लाकर राज्य में आठवां और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की है। यह आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए मेडिकल के क्षेत्र में सेवा देना चाहती है।वहीं इसकी जुड़वां बहन नेहा कुमार 468 अंक लाकर आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए इंजीनियरिंग के फील्ड में सेवा देना चाहती हैं। दोनो जुड़वां बहनों ने बताया कि किसी भी मौसम का परवाह किए बैगर लगभग सात किलोमीटर की दूरी तय करके प्रति दिन स्कूल और कोचिंग जाते रहे। आधी दूरी गाड़ी से तय करते थे और आधी दूरी पैदल।राम नारायण राज्य संपोषित प्लस टू हाई स्कूल की नियमत छात्रा रही हूं।स्कूल के प्राचार्य उमेश कुमार ने हमेश हौसला बढ़ाने का काम किया।स्कूल के केमिस्ट्री के शिक्षक दीपक कुमार,फिजिक्स के शिक्षक विकास प्रसाद बायोलॉजी के शिक्षक अजय कुमार पासवान ने भी बेहतर गाईड लाइन करते रहे।वहीं कांसेप्ट कोचिंग के फिजिक्स के शिक्षक आजम और केमिस्ट्री के शिक्षक सादिक ने भी काफी मेहनत और लगन से पढ़ाया। यूनिवर्सल कोचिंग सेंटर में मैथ पिंटू सर ने भी कड़ी मेहनत करते हुए परीक्षा के प्रश्नों का हल करने का तरीका बताया जिस से हमलोग टॉप कर पाए।कोचिंग में पैसा के अभाव में फीस कम ही दिया करते थे लेकिन शिक्षकों ने कभी भी पढ़ाने से गुरेज नहीं किया। सभी गुरुजनों का आभार व्यक्त करती हूं।उनलोगों ने यह भी बताया कि मेरी तीन छोटी बहने हैं कृति, ऋतिका अंजली और एक छोटा भाई अभियंशु है अपने भाई बहनों को पढ़ने के लिए प्रेरित करूंगी।इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक अनूप कुमार,विनय कुमार सिंह,आसिफ रजा, रविन्द्र कुमार,पुरूषोतम कुमार सिंह,सीमा कुमारी गुप्ता,राजदीप कुमार यादव पप्पू कुमार यादव ने उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।वहीं जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी,प्रखण्ड प्रमुख ममता कुमारी,पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव,पूर्व मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव,राजद प्रखण्ड अध्याक्ष अशोक कुमार यादव हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

नक्सली साजिश का पदार्फाश

# एनआईए ने तीन कट्टर माओवादियों पर कसा शिकंजा

संवाददाता



**रांची:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) से जुड़े तीन नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी ने शुक्रवार को रांची स्थित एक विशेष अदालत में यह पूरक आरोप पत्र दायर किया। एनआईए के मुताबिक, चार्जशीटेड नक्सली कृष्ण हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरह उर्फ मतला कोरह उर्फ सुनील कोरह, और रामदयाल महतो उर्फ निलेश दा उर्फ बच्चन दा हैं। इनमें से कृष्ण हांसदा और रामदयाल महतो झारखंड के रहने वाले हैं, जबकि कोरह बिहार का निवासी है।

एनआईए ने बताया कि तीनों माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य थे और गिरिडीह जिले के परसनाथ क्षेत्र में जबरन वसूली, हथियारों से धमकाने और लोगों की जबरन भर्ती जैसे अपराधों में शामिल थे। इनकी संलिप्तता उस समय उजागर हुई जब जनवरी 2023 में गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के लूसियो जंगल से कृष्ण हांसदा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने लेवी का पैसा, एक 7.65 मिमी बोर की पिस्टल और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए थे।

इसके बाद स्थानीय पुलिस ने हांसदा, कोरह और महतो सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने सबसे पहले हांसदा के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। जून 2023 में एनआईए ने इस मामले को अपने हाथ में लेकर दोबारा केस दर्ज किया और अब तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

## सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी भावभीनी विदाई




संवाददाता

**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में आज एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मई, 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 85 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं । सिविल विभाग से आलोक चंद्र महाराणा, महाप्रबंधक (सिविल); प्रणाली विभाग से सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (प्रणाली); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. कुमार अजय सिंह, सीएमओ; सतर्कता विभाग से सत्येंद्र कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. सुनीता सुमन, डिप्टी सीएमओ; गांधीनगर अस्पताल से रेखा खलखो, मेट्रोन एवं चिकित्सा विभाग से जयमाला देवी, वरीय लिपिक।

समारोह में सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) शंकर नागाचारी, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। ?कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरूआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएँ, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी एवं निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) शंकर नागाचारी ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने दो बाइक को मारी टक्कर बाइक क्षतिग्रस्त, कोई जन हानि नहीं



संवाददाता

**चतरा:** प्रशासन के लाख सख्तियों के बावजूद भी तेज रफ़्तार पर अंकुश नहीं लग रहा है। ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेपुरा मेन बाजार स्थित हंटरगंज - प्रतापपुर मुख्य पथ पर शनिवार की तड़के एक सड़क हादसा हो गया। प्रतापपुर की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े दो बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें एक स्प्लेंडर बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रतापपुर की ओर से तेज गति आ रहे एक ट्रैक्टर असंतुलित होकर पांडेपुरा मेन बाजार स्थित सड़क किनारे खड़े दो बाइक से जा टकराई ।टक्कर में एक स्प्लेंडर बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गया। वही अपाची बाइक हल्की क्षतिग्रस्त हुई है।

**कोई जनहानि नहीं, लेकिन भारी नुकसान:** हादसे में कोई मौत नहीं हुई, लेकिन बाइक को काफी नुकसान पहुंचा है।इधर स्थानीय लोगों ने पांडेपुरा पिकेट पुलिस को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही पुलिस पिकेट इंचार्ज शिव शंकर गोप दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। और घटना की स्थानीय लोगो से जानकारी ली। वही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर चालक, ट्रैक्टर और क्षतिग्रस्त बाइक को थाना ले आई है। पुलिस छानबीन में जुटी है। हालांकि पिकेट इंचार्ज शिव ने बताया कि चालक मोबाइल से कही बात कर ट्रैक्टर चला रहा था। जिससे ट्रैक्टर ने असंतुलित होकर बाइक मे टक्कर मारी है।

**वाहन को चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें :** गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन अथवा दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग करने से ध्यान हटने के कारण सड़क दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए वाहन चलाते समय उक्त उपकरणों का उपयोग नहीं करना चाहिए। लोगों से अनुरोध है कि वाहन सदैव निर्धारित गति सीमा में ही चलाए और अपना बहुमूल्य जीवन को बचाएं।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते तीन कांस्य पदक,जिले में हर्ष



**चतरा:** 27 से 29 मई तक रेमिया ऋषिकेश मेमोरियल स्कूल धनबाद में झारखंड ताइक्वांडो संघ के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 25 वीं सब जूनियर एवं जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चतरा जिला के सात खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमें खिलाड़ियों में तीन कांस्य पदक प्राप्त किया। शौर्य राज, आकाश कुमार अरबमनीष कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। जिले की इस उपलब्धि पर चतरा जिला के खेल पदाधिकारी तुषार राय, चतरा जिला ओलम्पिक संघ के सचिव राकेश सिंह, ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष सह ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चद्रेश शर्मा, ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार,सचिव उमेश कुमार, संयुक्त सचिव राम प्रकाश, संयुक्त सचिव सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, कोच रितेश कुमार,मैनेजर विकी कुमार दास, राखी कुमारी, नीलू कुमारी एवं संघ के सभी पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

# आरबी हॉस्पिटल में लापरवाही के कारण एक महिला की मौत, धरने पर बैठे परिजन



**चतरा:** सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के पुरानी कचहरी रोड नगर भवन के बगल में स्थित आरबी हॉस्पिटल पर चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला मरीज की मौत का आरोप लगाया गया है।मृतका गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारीसाखी गांव निवासी बसंती देवी (35 वर्ष) पति उमेश यादव है। जानकारी के मुताबिक महिला को ईलाज के लिए आरबी हॉस्पिटल लाया गया था। जहां ईलाज के दौरान स्थिति में सुधार के बजाय बिगड़ती जा रही थी। परिजनों का आरोप है कि कई बार महिला को ईलाज के लिए बाहर ले जाना चाहा, लेकिन चिकित्सक ने मना कर दिया। परिजनो ने बताया कि अंत में स्थिति गंभीर होते देख अस्पताल प्रबंधन ने महिला को हजारीबाग रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि हजारीबाग ले जाने के क्रम में महिला मरीज की हालत ज्यादा खराब हो गई। हजारीबाग पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत होते ही परिजन शव को हजारीबाग से वापस लाकर पुनः आर बी हॉस्पिटल पहुंच गए। वहीं सूचना पाकर काफी संख्या में गांव के लोग भी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां हॉस्पिटल के बाहर धरना पर बैठकर जमकर हंगामा किया। साथ ही आरबी हॉस्पिटल सील करने के जिद पर अड़े रहे। घटना की सूचना पाकर एसडीओ जहूर आलम, एसडीपीओ संदीप सुमन, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार समेत कई लोग पहुंच कर मामले की जानकारी ली।साथ ही हंगामा कर रहे लोगों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया।चार घंटे से अधिक समय तक लोगों ने हंगामा किया। हॉस्पिटल प्रबंधन पर कारवाई के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। इसके बाद सदर पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**अस्पताल प्रबंधन का बयान:** वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन ने एक बयान जारी कर बताया कि स्थिति गंभीर होते देख महिला मरीज को हजारीबाग रेफर कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि महिला की मौत आर बी अस्पताल में नहीं हुई है। राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनके हॉस्पिटल को बदनाम किया जा रहा है।

उपायुक्त ने की विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं समीक्षा बैठक, कहा-

# शत- प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें

संवाददाता



**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं, खनन, जेएसएलपीएस, भूमि संरक्षण समेत अन्य की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि गाइडलाइन के अनुसार लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। सभी प्रखंड में दो दो नरेगा पार्क बनाने हेतु भूमि चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बात कही गई। झारखंड सरकार द्वारा संचालित झारखंड वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की शुरूआत वर्ष 2020 में मई माह में हुई है। योजना अंतर्गत जिले भर में ग्रामीण इलाकों में कुल 523 खेल मैदान का विकास किया जाना है।इसके तहत पंचायत/ग्राम स्तर पर स्थानीय खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान तैयार किया जाना है। ताकि स्थानीय बच्चे खेल मैदान में नियमित रूप से अपने खेल का अभ्यास कर अपने खेल के हुनर का विकास कर सके। वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान में 100% प्रतिशत शौचालय और ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना की भी समीक्षा की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के मामले में उन्होंने धामी प्रगति को देख नाराजगी व्यक्त करते हुए हंटरगंज, कान्हाचट्टी, चतरा, टंडवा, गिद्धौर के प्रखंड विकास पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा अगर इसमें सुधार नहीं देखा जाता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। आमजनों की योजनाओं से अपेक्षाएं जुड़ी होती है हम सभी का एक ही उद्देश्य है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्रता धारी को मिले। योजनाओं का भौतिक सत्यापन के पश्चात नियम संगत वेटिंग लिस्ट वाले लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृत करते हुए लाभान्वित करें। जो प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हो चुकी है और उन्हें प्रथम किस्त की राशि भुगतान नहीं किया गया है उसका भुगतान करा कर आवास बनवाए। जिन लाभुकों को दूसरा या तीसरे किस्त की राशि नहीं मिली है उक्त मामलों का भी निष्पादन कराते हुए आवास का कार्य पूर्ण कराएं। किस्त के भुगतान के अनुरूप लाभकों का आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कराते हुए जियो टैग कराएं यदि लाभुक किस्त के अनुरूप आवास निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं करते हैं तो नियमानुसार लाभुकों के ऊपर आवश्यक कार्रवाई करें। अबुआ आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के प्रगति की जानकारी ली गई।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय का हर एक माह निरीक्षण का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही कहा निरीक्षण के दौरान पठन पाठन, छात्र छात्राओं के भोजन की गुणवत्ता समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।सभी कार्यकारणी एजेंसी के साथ जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं नाबार्ड, जेएसएलपीएस, खनन, भूमि संरक्षण समेत अन्य विभागों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, सभी कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# एक बार फिर सताएगी गर्मी, आज कहीं-कहीं बारिश, कल से बदलेगा मौसम

संवाददाता

**रांची:** झारखंड का मौसम बीते कुछ दिनों से काफी सुहावना है। राजधानी रांची समेत विभिन्न इलाकों में इस दौरान तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई है, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। लेकिन झारखंड में एक बार फिर से सूरज की गर्मी आपको सताने वाली है। दरअसल झारखंड में एक जून तक ही साइक्लोनिक सर्कुलेशन का प्रभाव रहेगा। इसके बाद कल से गर्मी सताने लगेगी। इस बीच लगभग 5 डिग्री तक पारा चढेगा। झारखंड के लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अबतक मौसम सुहाना होने से लोगों को गर्मी का अहसास काफी कम हो रहा था।



दो-तीन दिनों के बाद फिर मिलने वाली है राहतः गर्मी के बारे में बताया जा रहा है कि दो से तीन दिनों तक ही झेलना पड़ेगा। उसके बाद फिर से राहत मिलने वाली है। झारखंड मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि सताने वाली गर्मी में भी किसी-किसी जिले में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

चला गया मई, अब जून की बारीः कहा जाता है कि मई और जून माह में सबसे ज्यादा गर्मी लगती है। मई तो चला गया है और आज से जून भी आ गया है। अब देखना है कि जून में लोगों को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

आज यहां होगी बारिश

आज बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका और गिरिडीह में गरज के साथ बारिश की संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो आज 1 जून से अगले 3 दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि आज कई इलाकों में बादल छाये रह सकते हैं। आज राजधानी का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेसी और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेसी के आसपास रहने की संभावना है।

## सिटी एसपी व ग्रामीण एसपी को दी बधाई व शुभकामनाएं

**रांची:** सर्वधर्म सद्भावना समिति का एक प्रतिनिधिमंडल रांची के नव पदास्थापित सिटी एसपी अजीत कुमार एवं ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर से मिलकर उन्हें बधाई दी।



सर्वधर्म सद्भावना समिति का एक प्रतिनिधि मंडल समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम महासचिव प्रदीप राय बाबू एवं सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान के संयुक्त नेतृत्व में रांची के नव पदस्थापित सिटी एसपी अजीत कुमार एवं ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर से मिलकर उन्हें बुके, चुनरी एवं पगड़ी देकर उनका भव्य स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने रांची के विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया एवं प्रशासनिक स्तर पर उनसे पूर्ण सहयोग किए जाने संबंधी बातें की साथ ही साथ आगामी बकरीद के सिलसिले में भी बात करते हुए आपसी सौहार्द के साथ बकरीद के त्योहार को मिलजुल कर मनाने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद सिटी एसपी एवं ग्रामीण एसपी ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों को आश्वस्त कराया कि बकरीद का त्योहार के साथ-साथ सभी त्योहार एकता भाईचारे एवं आपसी सौहार्द के साथ सभी मिलजुल कर मनाएं जिस सौहार्द को बरकरार रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर उना पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने रांची को अपराध मुक्त एवं सुन्दर रांची बनाने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो। इसलाम, उपाध्यक्ष ओम सिंह, महासचिव प्रदीप राय बाबू, सचिव परवेज अख्तर,मो। इश्तेयाक ,सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, उपाध्यक्ष आफताब आलम, नौशाद आलम, महावीर ओहदार, दानिश खान,मो। शहनवाज, जसीम हसन मुख्य रूप से शामिल थे।

# ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

### 100% छात्रवृत्ति और खोले वैश्विक शिक्षा के द्वार

मेट्रो रेज

**रांची :** ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन के सीईओ गौरव राजपूत के नेतृत्व में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा और प्रेरणा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि थे सीपी। सिंह थे।




विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू मौजूद थे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने, जिनमें शामिल रहेः फादर अजय अनिल तिर्की, प्राचार्य, सेंट जेवियर्स इण्टर कॉलेज- रांची, समरजीत जना, प्राचार्य, श्यामली स्कूल, राजेश पिल्लै, केरली स्कूल, सुभाष कुमार प्राचार्य, सेंट माइकल स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर सुभाष कुमार, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल प्रेमलता, नागेश्वर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल नीलम कुमारी भी शामिल हुई।

इस अवसर पर विभिन्न विषयों (विज्ञान, कॉमर्स, कला,) में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन ने तीन मेधावी छात्रों को 100% छात्रवृत्ति प्रदान कर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम दिया।

कार्यक्रम की एक और प्रमुख विशेषता रही कि भारत और विदेशों के 30 से अधिक शीर्ष विश्वविद्यालयों ने इसमें भाग लिया और छात्रों को मौके पर ही प्रवेश की सुविधा दी। यह छात्रों और अभिभावकों के लिए शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने और अपने करियर के लिए दिशा तय करने का महत्वपूर्ण मंच बना।

ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन ने ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड, और ईस्ट पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयाँ मिलीं।

इस अवसर पर गौरव राजपूत, सीईओ, ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन ने कहा, गुणवत्ता युक्त शिक्षा ही भविष्य का निर्माण करती है। हमारा उद्देश्य है कि हर मेधावी छात्र को उसकी मेहनत का सही मूल्य और सही अवसर मिले।

ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन निरंतर छात्रों को मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के अवसर प्रदान करता रहेगा।



## आदिवासी युवती के साथ दो अज्ञात युवकों ने किया दुष्कर्म

**रांची :** नगड़ी थाना क्षेत्र के ललगुटवा ओवरब्रिज के पास एक आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। दो अज्ञात ऑटो सवारों ने युवती का अपहरण कर बेड़ो-इटकी के जंगलों में रात भर रखा और दुष्कर्म किया। अगली सुबह आरोपी उसे मुरगु के एक झोपड़ीनुमा होटल के पास छोड़कर फरार हो गए।

घटना की खबर मिलते ही पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर पीड़िता को थाने लायी। पीड़िता गुमला की रहने वाली है और उसके बयान के आधार पर दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पीड़िता ने बताया कि वह 30 मई को अपनी सहेली के साथ दिल्ली जाने के लिए ललगुटवा तालाब आई थी। हटिया स्टेशन पहुंचकर उसने दिल्ली जाने का इरादा बदल दिया और सहेली को भेजकर खुद गुमला जाने के लिए ऑटो में बैठी। ऑटो में चालक के साथ दो युवक थे, जिन्होंने उसे अपहरण कर जंगल में दुष्कर्म किया। घटना बीते 30 मई की है। मामला अब प्रकाश में आया है।

रातू थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में मुरगु का कॉल डंप और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़िता को भागने के दौरान चोटें आईं। आरोपियों ने मुरगु होटल से चिप्स खरीदी और ऑनलाइन भुगतान किया, जिसके आधार पर पुलिस सुराग तलाश रही है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

सं. ईएल/118/11, 12, 13, 14/2025-26/डब्ल्यू. 6/टीएफ दिनांक : 30.05.2025

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। क्र.सं. 1. एनआईटी संख्या : ईल/जेपी/11/2025-26 कार्य का नाम : JP Div.: Replacement of overhead line network by underground cables over Jaipur division. अनुमानित लागत : 18859825.94/- बयाना राशि : 244300.00/- निविदा खोलने की तिथि : 30.06.2025 क्र.सं. 2. एनआईटी संख्या : ईल/जेपी/12/2025-26 कार्य का नाम : JP Div. Improvement of power supply system at Railway staff tower colony, Jagatpura and Railway officer colony, Panipech Jaipur. अनुमानित लागत : 22071372.55/- बयाना राशि : 260400.00/- निविदा खोलने की तिथि : 30.06.2025 क्र.सं. 3. एनआईटी संख्या : ईल/जेपी/13/2025-26 कार्य का नाम : JP Gen- Improvement of water supply arrangement over Jaipur division अनुमानित लागत : 14386568.00/- बयाना राशि : 221900.00/- निविदा खोलने की तिथि : 25.06.2025 क्र.सं. 4. एनआईटी संख्या : ईल/जेपी/14/2025-26 कार्य का नाम : JP Div.: Provision of Air conditioning unit in place of overaged Air conditioning system installed in OT no. 2, 3, 4 & 5 at Central Railway Hospital Jaipur. अनुमानित लागत : 5524682.50/- बयाना राशि : 110500.00/- निविदा खोलने की तिथि : 25.06.2025 नोटः ई - निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : http:// www.ireps.gov.in

635-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## रांची के जगन्नाथ मंदिर का पुरी कॉरिडोर की तर्ज पर होगा विकास



**रांचीः** राजधानी रांची के धुर्वा में स्थित जगन्नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण होने जा रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार, यहां सीएसआर के तहत 2.19 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। रांची में स्थित भगवान जगन्नाथ का धाम अति प्राचीन मंदिर है, जो राज्य के प्रमुख धार्मिक-पर्यटन स्थलों में से एक है।

जगन्नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के शिलान्यास पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर कॉरिडोर के तर्ज पर इस मंदिर परिसर का भी विकास हो, यह उनका प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह क्षेत्र जल्द ही विकसित होगा। यह मंदिर रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर है। इसका आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व है।

वहीं, जगन्नाथपुर मंदिर के बगल में स्थित तालाब का भी सुंदरीकरण किया जायेगा। यह कार्य डेढ़ करोड़ की लागत से किया जायेगा। तालाब में घाट का निर्माण, लाइट की व्यवस्था, बेंच और तालाब के गहरीकरण के साथ-साथ अन्य कई सुंदरीकरण के कार्य किये जायेंगे। शिलान्यास के अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, राजू सिंह, केके गुप्ता, लाल सुधांशु नाथ शाहदेव, चंदा देवी, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, गोपीचंद पांडेय, शिवाजी सिंह, मेघा उरांव, बीना मिश्रा, कुणाल शाहदेव, शिवेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 25वां सब जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप संपन्न

# झारखंड के खिलाड़ियों ने जीता एक गोल्ड और दो ब्रॉन्ज मेडल




**राँची :** तमिलनाडु के नमक्कल में आयोजित 25वें सब जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में भाग ले रहें झारखण्ड के सब जूनियर खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण और दो काँस्य पदक जीता।

नमकक्ल केसीआर इंस्टिट्यूट मे होने वाले इस प्रतियोगिता मे

झारखण्ड से कुल 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

इस प्रतियोगिता मे झारखण्ड के धनश्याम उरांव ने स्वर्ण पदक जबकि वंदना कुमारी और महक कुमारी ने काँस्य पदक जिता।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर

झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा (राज्य सभा सांसद )सहित

डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू,चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू,उदय साहू,प्रियदर्शी अमर,शैलेन्द्र कुमार, डॉ उदीप लाल,मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने हार्दिक बधाईया दी है।

## विधायक श्वेता सिंह की बढ़ी मुश्किलें

**रांची/बोकारोः** बोकारो विधायक श्वेता सिंह की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर दो पैन कार्ड रखने के मामले में चुनाव आयोग ने आयकर विभाग को जांच के निर्देश दिये हैं। वहीं, दूसरी ओर चास एसडीओ प्रांजल ढाढा ने भी कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस कांग्रेस नेता द्वारा चार मतदाता पहचान पत्र रखने से संबंधित दर्ज शिकायत को लेकर जारी किया गया है। एसडीओ ने श्वेता सिंह को इस मामले में तीन जून को अपना पक्ष रखने को कहा है। जानकारी के अनुसार, भाजपा के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने चुनाव आयोग से बोकारो विधायक द्वारा चार मतदाता पहचान पत्र रखने की शिकायत की थी। इसके बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बोकारो डीसी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। एसडीओ ने शिकायतकर्ता बिरंची नारायण को भी नोटिस जारी कर तीन जून को शिकायत से संबंधित पक्ष साक्ष्य व दस्तावेज के साथ रखने के लिए कहा है।

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



दिनांक-12.05.25 को अड़की थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-करया जाने वाली कच्ची सड़क से करीब 10 मीटर नीचे दाहिने तरफ झाड़ियों के बीच से एक अज्ञात शव बरामद किया गया है। उक्त अज्ञात व्यक्ति के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में अड़की थाना काण्ड सं0-34/25, दिनांक-12.05.25, धारा-103(1)/238/3(5) BNS दर्ज किया गया है। उक्त अज्ञात व्यक्ति का पहचान/पता बताने वाले के लिए ₹20,000/-(बीस हजार रूपये) का पुरस्कार राशि घोशित किया गया है। पहचान/पता बताने वाले को ₹20,000/-(बीस हजार रूपये) से पुरस्कृत किया जायेगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी - 9431706116
थाना प्रभारी, अड़की - 7992406868
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी - 8340655295

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी

PR 354016 Police(25-26)#D

# अफान ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम



मेट्रो रेज

**रांची :** संत एलायंस इंटर मीडिएट कालेज रांची की विज्ञान संकाय के प्रतिभाशाली छात्र मो अफान आलम ने जैक बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे जिले का मान बढ़ाया है। अफान ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 500 में से 345 अंक हासिल किए हैं। मो अफान आलम मो महताब आलम और इसरत परवीन के पुत्र हैं। अपनी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अफान को उनके परिवारजनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों से ढेरों बधाइयाँ मिल रही हैं।सभी ने उनकी कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भी अफान के इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अफान की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है और यह दर्शाती है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## साइंस में 500 में से 431अंक प्राप्त कर इमाद अहमद ने स्कूल का नाम किया रौशन



**रांची :** सीमित संसाधनों में भी अगर मेहनत और समर्पण का दीप जलाया जाए, तो सबसे बड़ी मंजिल भी हासिल की जा सकती है। ऐसा ही कर दिखाया है रांची के रहने वाले मो नेहाल के पुत्र इमाद अहमद ने, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि सफलता संसाधनों की मोहताज नहीं होती। पथलकुदवा बेक रोड के एक छोटे से मुहल्ले से ताल्लुक रखने वाले इमाद ने मेहनत और लगन की मिसाल पेश करते हुए जैक बोर्ड 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। संत जेवियर्स इंटर कालेज रांची के छात्र इमाद ने साइंस स्ट्रीम में 500 में से 431अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। इमाद की इस शानदार सफलता के पीछे उनके शिक्षकों और परिवार का अमूल्य सहयोग एक प्रमुख आधार रहा। एक मीडिया इंटर्व्यु के दौरान हिमांशु ने कहा, ‟मैं अक्सर अपने शिक्षकों से अपने डाउट क्लियर करता था। मेरे पास उनके मोबाइल नंबर थे और स्कूल के बाद अगर कोई सवाल होता, तो मैं उन्हें कॉल कर लिया करता था।” इसके साथ ही इमाद की यह कहानी बताती है कि सही मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण और अपनों का समर्थन किसी भी छात्र को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कितनी अहम भूमिका निभाते हैं।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**पुनः अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 08/2025-26**

दिनांक 30/05/2025

मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बड़कागांव | पंचायत गरसुल्ला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से ग्राम बिहड़ के आँगनबाड़ी केन्द्र तक पथ निर्माण। | 10622400.00 | 10000.00 | 213000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.06.2025
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.06.25 से 19.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.06.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 353948 District(25-26).D




## करियर चुनते समय भूलकर भी ना करें यह गलतियां

करियर चुनते समय कुछ चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप इन चीजों का ख्याल नहीं रखती हैं तो आपको आगे जाकर दिक्कत आ सकती हैं।
करियर चुनना एक ऐसा फैसला है जिस पर आपकी आने वाली जिंदगी निर्भर करती है। ऐसे में यह फैसला कभी भी जल्दबाजी या बिना जानकारी के ना लें। अगर आप ऐसा करती हैं तो आने वाला समय आपके लिए मुश्किलों से भरा हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि करियर का फैसला सोच समझकर लिया जाए। ऐसे में करियर चुनते समय निम्नलिखित गलतियों से बचने के लिए ध्यान देना काफी जरूरी है।

### प्रभावित होना

अक्सर लोग दूसरों के मत और प्रभावों के चलते करियर चुनते हैं। आपको अपनी प्राथमिकताओं, रुचियों और क्षमताओं के आधार पर चुनाव करना चाहिए, न कि दूसरों के प्रभाव में आकर। दूसरों का सुनना जरूरी है लेकिन जरूरी नहीं की आप उनकी हर बात को मानें।

### बाहरी दबावों को महत्व देना

अक्सर परिवार दबाव, सामाजिक प्रतीक्षाओं या प्रतिस्पर्धा के दबाव के चलते गलत करियर चुन लेते हैं। आपको खुद के आंतरिक आवश्यकताओं और योग्यताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दबावों मे आकर कोई भी गलत निर्णय ना करें। ऐसे में आपको आगे जाकर दिक्कत आ सकती हैं।

### अनधिकृत सलाह पर निर्भरता

करियर चुनते समय बहुत से लोग अनधिकृत या अयोग्य व्यक्तियों से सलाह लेते हैं। आपको केवल प्रामाणिक और विशेषज्ञ सलाहकारों की सहायता लेनी चाहिए। सलाह लेना जरूरी है लेकिन अपनी रूची के हिसाब से निर्णय लें। ताकि आपको आगे दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

### सिर्फ पैसे के लिए चुनाव

सिर्फ पैसे के लिए करियर को ना चुनें। पैसा होना जरूरी है लेकिन अगर आपका मन उस काम में नहीं लगता है लेकिन उस फिल्ड में पैसा अधिक है तो कभी भी ऐसा फील्ड का चुनाव अपने करियर के लिए ना करें।

## इन टिप्स से मिलेगी अच्छी नौकरी

करियर के शुरुआत में ही अगर आपको अच्छी कंपनी मिलती है तो काफी लाभ हो सकता है। बड़ी- बड़ी कंपनियां अपने इंप्लाई को काफी अच्छी सैलरी शुरुआत में भी देते हैं। अगर आप भी मोटी सैलरी की चाह रखती हैं तो आपको कुछ आसान टिप्स को फॉलो करना होगा। इसकी मदद से आपको अच्छी नौकरी खोजने में काफी लाभ मिलेगा।

### रिज्यूमे बनाते समय रखें ध्यान

आपने अपने फ्यूचर को लेकर जिस जॉब से जुड़ने का लक्ष्य बना रखा है उसके अनुसार अपना रेज्यूमे तैयार करना चाहिए। भले ही आप फ्रेशर्स क्यों ना हो आप चाहे तो अपने रिज्यूमे को अच्छे से बना सकती हैं। रिज्यूमे बनाते समय इन चीजों को जरूर लिखें।

- कॉन्टैक्ट डिटेल्स लिखें
- वर्क एक्सपीरियंस लिखें
- प्रोजेक्ट्स लिखें
- एजुकेशन लिखें
- स्किल्स लिखें
- ऑब्जेक्टिव लिखें

### सोशल साइट्स से तलाशे नौकरी

सोशल साइट्स का इस्तेमाल केवल फोटो और वीडियो के लिए ही नहीं बल्कि नौकरी तलाशने के लिए भी किया जाता है। LinkedIn जैसे ऐप की माध्यम से आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। इस साइट पर आपको एक्टिव रहना है और खुद से जुड़ी जानकारी शेयर करते रहना है। इतना ही नहीं, बड़ी- बड़ी कंपनियां यही नौकरी से जुड़ी सूचना डालते हैं। आपको यहीं से अप्लाई करने का विकल्प भी मिल जाएगा।

### कुछ नया करें

आपको अगर एक काम आता है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आप अपने काम के साथ अपने फिल्ड से जुड़ी अन्य कामों की जानकारी रखती हैं तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। कुछ नया सिखना हमेशा जरूरी हैं।



## बनना चाहते हैं एचआर ....तो जानिए इसके लिए क्या करना होगा

**ह्यूमन रिसोर्स (एचआर) प्रोफेशनल्स किसी भी कंपनी के लिए बहुत जिम्मेदार सदस्य होते हैं, जो खास तौर पर रिक्रूटमेंट, एम्प्लॉई मैनेजमेंट और अन्य प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हैं।**

अगर आप मानव संसाधन (एचआर) क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको अलग-अलग स्तर पर अहम फैसले लेने होंगे। ।।क्रमें सफल करियर के लिए सही शिक्षा, अनुभव और कौशलों का होना जरूरी है। यहां इस प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया है।
ह्यूमन रिसोर्स (एचआर) प्रोफेशनल्स किसी भी कंपनी के लिए बहुत जिम्मेदार सदस्य होते हैं, जो खास तौर पर रिक्रूटमेंट, एम्प्लॉई मैनेजमेंट और अन्य प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हैं। यह करियर विकल्प न केवल चुनौती भरा हो सकता है, बल्कि बहुत ही संतोषजनक और सम्मानित किए जाने वाला पोजीशन भी है।
मानव संसाधन (एचआर) प्रोफेशनल के लिए जिम्मेदारियां



### रिक्रूटमेंट

पदों की आवश्यकता की पहचान करना। अलग-अलग प्लेटफार्मों पर जॉब पोस्ट करना। आवेदन पाने के बाद कैंडिडेट्स की स्क्रीनिंग करना। इंटरव्यू का आयोजन और संचालन करना। सबसे खास कैंडिडेट का चयन करना और नौकरी के प्रस्ताव भेजना।

### एम्प्लॉई मैनेजमेंट

नए कर्मचारियों का प्रशिक्षण और उनकी कौशल में वृद्धि के लिए विकास कार्यक्रम आयोजित करना। कर्मचारियों के परफॉर्मेंस का मूल्यांकन करना और फीडबैक के आधार पर परफॉर्मेंस एप्रेजल देना। कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों का समाधान करना। वेतन और अन्य लाभों का प्रबंधन करना।

### एम्प्लॉई रिलेशन

कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच असरदार कम्युनिकेशन बनाए रखना। कंपनी के भीतर एक सकारात्मक और प्रोडक्टिव वर्क कल्चर को डेवलप करना।

### अनुपालन और कानूनी मामलों का प्रबंधन

लेबर लॉ के साथ-साथ कानूनी दस्तावेजों और अनुबंधों का प्रबंधन करना।
मानव संसाधन (एचआर) प्रोफेशनल के लिए डिग्री में करियर बनाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री जरूरी है। आप मानव संसाधन प्रबंधन (एचआर), मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, या पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन जैसे विषयों में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर के पदों पर और बेहतर वेतन संभावनाओं के लिए, आप मानव संसाधन प्रबंधन (MBA-HRM) या मानव संसाधन विकास (MS-HRD) में मास्टर डिग्री हासिल कर सकते हैं। एचआर (Human Resource) में एमबीए करने के लिए कैट (CAT) और मैट (MAT) जैसी परीक्षाएं आमतौर पर जरूरी होती हैं। ये परीक्षाएं आपके मैनेजमेंट प्रोग्राम में प्रवेश पाने के लिए आयोजन कराई जाती हैं और भारत में कई प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों जैसे भारतीय प्रबंधन संस्थानों IIMs में स्वीकार की जाती हैं। इसके साथ ही मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में दो साल का पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएम) भी जरूरी हो सकता है।

### प्रोफेशनल सर्टिफिकेट और ट्रेनिंग

कई ऑर्गनाइजेशन ।।क्रप्रोफेशनल के लिए सर्टिफिकेट कोर्स ऑफर करते हैं। ये सर्टिफिकेट आपके नॉलेज और स्किल्स को मान्य करते हैं और आपको नौकरी दिलाने में बेहतर साधन उपलब्ध करा सकते हैं। कुछ सर्टिफिकेट कोर्स जैसे प्रोफेशनल इन ह्यूमन रिसोर्स, सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सर्टिफाइड प्रोफेशनल और सीनियर प्रोफेशनल इन ह्यूमन रिसोर्स कर सकते हैं। ह्यूमन रिसोर्स में एंट्री लेवल के पदों के लिए अक्सर इंटर्नशिप या वालंटियर के अनुभव की जरूरत होती है। आप ।।क्रविभाग में सहायक, भर्ती करने वाला या प्रशिक्षण और विकास विशेषज्ञ जैसे पदों पर काम करके अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

### एचआर प्रोफेशनल के लिए जरूरी कौशल

एचआर प्रोफेशनल के लिए जरूरी कई तरह के कौशल होते हैं। इनमें से कुछ कौशल ये हैं। संचार, पारस्परिक कौशल, समस्या समाधान, नेतृत्व, विवरण पर ध्यान देना, सहानुभूतिपूर्ण रवैया, त्वरित निर्णय, ईमानदारी, धैर्य, सामाजिक जागरूकता, स्व-प्रबंधन, जवाबदेही, रणनीति के हिसाब से सोच, तकनीकी दक्षता, रणनीतिक योजना, स्टेकहोल्डर के साथ प्रबंधन।
इन कौशलों से मानव संसाधन प्रोफेशनल को अपने संगठन में सकारात्मक योगदान देने और चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है। साथ ही, इन कौशलों से वे प्रभावी संचार और कुशल प्रबंधन कर पाते हैं। मानव संसाधन प्रोफेशनलों को कर्मचारी डेटा और मुआवजा, चिकित्सा मुद्दों, मानसिक स्वास्थ्य, संघर्ष, परफॉर्मेंस, वर्कप्लेस की चोट, उत्पीड़न और अनुशासनात्मक समस्याओं से जुड़ी जानकारी से भी अवगत होना चाहिए। इसके अलावा, उन्हें कर्मचारियों की गोपनीयता बनाए रखने की ज़िम्मेदारी भी निभानी होती है।



## करियर में चाहिए सफलता तो इन बातों का रखें ध्यान

**करियर में आगे बढ़ने का सपना हर किसी का होता है ऐसे में आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आज हम आपको इससे जुड़ी कुछ ख़ास बातें बताने वाले हैं।**

करियर में आगे बढ़ना तो सभी चाहते हैं। हम सभी को यह लगता है कि बस कैसे भी करके हमें जल्दी से प्रमोशन मिल जाएं। इसके लिए कई बार हम अपने टैलेंट के हिसाब से नई नौकरियां भी ढूंढते रहते हैं। ज़्यादातर कंपनियां मल्टी टैलेंटेड लोगों को ही हायर करना चाहती है। ऐसे में अगर आप भी अपने करियर में आगे बढ़ना चाहती हैं तो हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं। आपको इन टिप्स को फॉलो करना चाहिए।

### व्यवहार पर दें ध्यान

आपको अपनी टीम के साथ अपना रिश्ता अच्छा बनाकर रखना चाहिए। कई बार कुछ चीजों पर हमें काफी ज़्यादा गुस्सा आ जाता है। अगर ऐसा आपके साथ भी हो रहा है तो आप अपने व्यवहार को ध्यान में रखते हुए ही कुछ कदम उठाए। कई बार जल्दबाजी में लिया गया फैसला गलत साबित हो सकता है। स्थिति चाहे कितनी भी खराब क्यों न हो आपको नियंत्रण करना आना चाहिए।

### बातचीत का तरीका

कोशिश करें कि आप ज्यादा से ज्यादा अपने बॉस से बातें करें। कॉरपोरेट जॉब में ऐसा करना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। अगर आपके बाल 9-5 जॉब करके वापस घर आ जाती है तो आपका प्रमोशन नहीं होने वाला है। ना ही आपको करियर में आगे सफलता मिलने वाली है। किसी भी प्रोफ़ेशन के लिए कम्युनिकेशन स्किल्स काफी ज्यादा जरूरी है। इसलिए हमेशा अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर ध्यान देना चाहिए।

### सीखने की लगन

अगर आपको कोई टास्क दिया गया है जो आपको बिलकुल भी नहीं आता है तो परेशान न होए और न ही अपने बॉस को यह कहे कि आपको यह काम नहीं आता है। आपको यह कहना चाहिए कि मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है लेकिन मैं इसमें काम करना चाहूंगी। ताकि मैं इसकी भी जानकारी प्राप्त कर सकूं। ऐसे में आपका बॉस आपसे इंप्रेस हो जाएंगे।

### काम में गलती करने से बचे

आपकी एक गलती आप पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में अगर आप अपने करियर में आगे जाना चाहती हैं तो आपको अपने काम को लेकर डेडिकेशन दिखाना होगा। इसके लिए कोशिश करें कि काम करते वक्त कोई भी गलती ना करें। गलतियां तभी होती है जब हम जल्दबाजी में काम करते हैं। जल्दबाजी में आकर काम करना बंद कर दें।

## बैंक क्लर्क जॉब सिक्योरिटी और तरक्की के अवसर भी

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में चयनित होना और इनमें करियर बनाना काफी समय से युवाओं का लक्ष्य रहा है। इस जॉब से जुड़ी उज्जवल संभावनाओं को देखते हुए ही वे इस ओर आकर्षित होते हैं। यहां जॉब सिक्योरिटी भी है और तरक्की के अवसर भी।**

द्विपक्षीय समझौते से पहले तक बैंक क्लर्क को काफी कम वेतन मिला करता था। मगर अब यह स्थिति बदल गई है। अब सार्वजनिक बैंकों के क्लर्कों का वेतन लगभग निजी बैंकों के समकक्ष हो गया है। इसके अलावा क्लर्क को अपने ही बैंक में आगे बढ़ने और प्रमोशनल एग्जामिनेशन में बैठने का अवसर भी मिलता है। क्लर्क के रूप में 2 से 3 साल की सेवा देने के बाद आप ऑफिसर ग्रेड में पहुंच सकते हैं और आकर्षक सैलरी के साथ-साथ अन्य लाभ तथा भत्ते भी पा सकते हैं। किसी भी बैंक में क्लर्क के रूप में जॉइन करते ही पेंशन तथा प्रॉविडेंट फंड स्कीम भी लागू हो जाती है। इसके अलावा बैंकों द्वारा अपने क्लर्कों तथा उनके परिजनों को चिकित्सा बीमा का लाभ भी दिया जाता है। क्लर्क के रूप में शुरूआत करने वाले योग्य, प्रतिभावान और अनुभवी व्यक्ति आगे चलकर ब्रांच मैनेजर के पद तक पहुंच सकते हैं। निजी बैंकों के कुल 3 लाख कर्मचारियों में से केवल 21 प्रतिशत ही क्लर्क की श्रेणी में आते हैं। विदेशी बैंकों में तो क्लर्कों की संख्या मात्र 6 प्रतिशत ही है। वे अफसरों की नियुक्ति को वरीयता देते हैं। दरअसल भारत में समूची बैंकिंग प्रणाली अब अफसरों के पक्ष में नजर आती है। शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों ने जो 115 लाख कर्मचारी नियुक्त किए, उनमें 6 लाख से अधिक अफसर थे! मगर देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आज भी अफसरों से अधिक क्लर्क कार्यरत हैं।

### नियुक्ति के ट्रैंड

- आज देश की बैंकों में 52 प्रतिशत अफसर हैं, जबकि दस साल पहले ये 38 प्रतिशत ही थे।
- टेक्नोलॉजी के चलते क्लर्कों के कई काम अब निरर्थक रह गए हैं।
- बेहतर औद्योगिक संबंधों के इरादे से भी बैंक 'ऑफिसर ओनली'' मॉडल को तवज्जो दे रहे हैं।
- इस नए रवैये के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की प्रति कर्मचारी औसत लागत बढ़ गई है।

एम्प्लॉयी प्रोफाइल में यह परिवर्तन बैंकिंग प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण के कारण आया है, जिसके चलते क्लर्कों द्वारा किए जाने वाले अधिकांश काम अब अतीत की बात बन गए हैं। पहले क्लर्क एंट्री बनाते थे और अफसर उन्हें जांचकर लेनदेन अधिकृत करते थे। इसे मेकर-चेकर मॉडल कहा जाता था। अब जबकि अधिकांश बैंकिंग प्रणाली कम्प्यूटरीकृत हो गई है, तो लेनदेन को मैन्युअली चेक करने की कोई जरूरत नहीं रह गई। राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी बताते हैं कि संभवत: कार्यकुशलता तथा बेहतर श्रम संबंधों के दोहरे लक्ष्य को साधने के लिए ही बैंक अब क्लर्कों के मुकाबले अधिक अफसरों को नियुक्त कर रहे हैं। सिद्धांतत: अफसरों से चौबिस घंटे काम करने की अपेक्षा की जाती है। उनके लिए ओवरटाइम का कोई प्रावधान नहीं होता। वहीं क्लर्कों को 10 मिनिट ज्यादा रोकने पर भी ओवरटाइम तथा परिवहन भत्ता देना पड़ता है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ रवाना

# उपायुक्त ने किया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 का उद्घाटन

**मेट्रो रेज**

दुमकाः जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 (वर्ल्ड नो टोबेको डे) का उद्घाटन किया । इस अवसर पर उपायुक्त श्री सिन्हा ने तम्बाकु जागरूकता हेतु हरी झण्डी दिखाकर दुमका के विभिन्न क्षेत्रों में तम्बाकु एवं नशा के दुष्परिणाम से बचाव हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया । उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि विधायलों में तम्बाकु से बचाव एवं दुष्परिणाम के प्रचार-प्रसार हेतु निबंध लेखन, चित्र लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया जाए। इस तम्बाकु जागरूकता रैली में डॉ. विजय हांसदा, जिला कुष्ठ निवारण-सह-नोडल पदाधिकारी, एनटीसीपी, दुमका, राकेश आनंद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, दुमका, शैलेश सिन्हा, आरकेएसके कॉडिनेटर,




दुमका, मृत्युंजय शांडिल्य, रिजिनल कॉडिनेटर, दुमका, बिजय मरांडी, जिला परामर्शी, एनटीसीपी, दुमका, ज्योति, सोशल वर्कर, एनटीसीपी, दुमका, नागेंद्र तिवारी, निकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### आधार निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

## उपायुक्त ने जल्द निष्पादन का दिया निर्देश



साहिबगंज :उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय में आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आ रही आधार से जुड़ी विभिन्न शिकायतों की समीक्षा की गई तथा इनके त्वरित निपटारे हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि आम जनता की सुविधाओं से जुड़ी आधार सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से उन शिकायतों का जिक्र किया जिनमें आधार अपडेट नाम सुधार बायोमेट्रिक त्रुटि तथा विलंब से आधार जारी होने की बात सामने आई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 08 प्रखंडों में आधार केन्द्र संचालित है। बैठक में जिले में संचालित आधार केन्द्रों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी केन्द्रों पर आधार पंजीकरण और अद्यतन कार्य मानकों के अनुरूप होना चाहिए। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, युआईडीएआई के परियोजना पदाधिकारी संदीप कुमार, तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर से आधार से जुड़ी गतिविधियों की प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस जागरूकता कार्यक्रम

## तंबाकू सेवन से बीमारियों का खतरा : अखिल

**मेट्रो रेज**

**साहिबगंजः** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अखिल कुमार के मार्गदर्शन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि तंबाकू सेवन से मुंह का कैंसर गले का कैंसर फेफड़ों पेट संबंधी गंभीर बीमारियों सहित कई अन्य घातक रोगों का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।बल्कि उनके पूरे परिवार के जीवन को भी संकट में डाल देती है। इसके कारण




आर्थिक हानि शारीरिक पीड़ा और पारिवारिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।सचिव श्री भगत ने यह भी बताया कि तंबाकू एवं अन्य नशा युक्त पदार्थों का सेवन समाज में नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है और यह कानूनन अपराध की श्रेणी में भी आता है। ऐसे मादक पदार्थों के सेवन पर विधि द्वारा दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।उन्होंने यह भी बताया कि नशे की लत विशेष रूप से आम लोगों श्रमिकों और निम्न आय वर्ग के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होती है। जो उनके व्यक्तिगत पारिवारिक व सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है। पारा लीगल वॉलंटियर्स - न्याय मित्रों द्वारा जिले के सुदूरवर्ती गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जहां आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

## सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में गर्मी की छुट्टियाँ शुरू, 21 जून से खुलेंगे विवि और कॉलेज

**मेट्रो रेज**

**दुमकाः** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में गर्मी की छुट्टियाँ रविवार से प्रारंभ हो रही हैं। यह अवकाश अवधि 1 जून से 20 जून तक कुल 20 दिनों की होगी। विश्वविद्यालय एवं इसके अंतर्गत आने वाले सभी स्नातकोत्तर विभागों और महाविद्यालयों में इस दौरान पठन-पाठन कार्य स्थगित रहेगा।

हालाँकि, विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों के प्रशासनिक कार्य नियमित रूप से संचालित होते रहेंगे। विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान ही स्नातक नामांकन प्रक्रिया चलाई जाएगी, अतः सभी कॉलेजों के नामांकन विभागों में कार्य जारी रहेगा। इस बीच, यूजी ओल्ड कोर्स के सेमेस्टर-1 से 3 तक की



विशेष परीक्षाएँ (स्पेशल एग्जाम) इन्हीं छुट्टियों के दौरान आयोजित की जाएँगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने जानकारी दी कि सेमेस्टर-1 की परीक्षा 28 मई से 4 जून तक और सेमेस्टर-2 एवं 3 की परीक्षाएँ 10 जून से 19 जून तक आयोजित की जाएँगी। इन परीक्षाओं के लिए अधिसूचना पूर्व में जारी कर दी गई है। परीक्षा विभाग छुट्टियों के दौरान खुला रहेगा और सभी परीक्षा संबंधित कार्य संचालित होंगे। कुल मिलाकर, गर्मी की छुट्टियों के दौरान जहाँ एक ओर शैक्षणिक गतिविधियाँ स्थगित रहेंगी, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय का प्रशासनिक ढाँचा सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा।आपने दुमका जिला में पूरे सेवा भाव से कार्य किया है इसके लिए हम सभी आपके जीवन भर याद रखेंगे. निवर्तमान उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में दुमका जिले में जितने भी कार्य संभव हो पाए हैं इसमें जिले के अधिकारी से लेकर अनुसेवक तक का बहुत बड़ा रोल रहा है। उनके वजह से ही कोई भी काम मुझे आसान लगने लगता था। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के समाजिक सौहार्द को बनाए रखने की जिम्मेवारी आप सबों की है।

## अपराधियों के लिए काल व जनता के लिए मिसाल बने एसआई हसनैन

**मेट्रो रेज**

साहिबगंज/उधवा : जब बात अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुँचाने और कानून का राज स्थापित करने की आती है तो पुलिस विभाग में कुछ नाम ऐसे होते हैं। जो अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली से अलग पहचान बना लेते हैं। ऐसा ही एक नाम है एसआई हसनैन अंसारी का जिनकी बहादुरी और सूझबूझ ने उन्हें अपराधियों के लिए किसी काल और आम जनता के लिए मिसाल बना दिया है। उनकी अद्वितीय कार्यशैली की चर्चा इन दिनों हर ओर हो रही है।तेज तर्रार एक्शन बड़े-बड़े अपराधी सलाखों के पीछे एस आई हसनैन अंसारी अपने बेबाक और त्वरित एक्शन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अब तक कई दुर्दांत अपराधियों को उनके सही ठिकाने जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाया है। चाहे वह



स्थानीय अपराधी हों या अन्य राज्यों में छिपे भगोड़े हसनैन अंसारी की टीम ने हर चुनौती को बखूबी पार किया है। उनकी रणनीति और अपराधियों को पकड़ने का उनका अंदाज पुलिस महकमे में एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहा है।मुंबई समेत पश्चिम बंगाल तक पीछा कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा और हाल ही में उनकी टीम ने कई बड़े बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया।जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। एक दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने के लिए एसआई हसनैन अंसारी अपनी टीम के साथ सुदूर मुंबई तक पहुँचे और सटीक छापेमारी कर उसे दबोच लिया।वही 17 अक्टूबर 2024 को पुणे के एक किरायेदार को अगवा कर एक करोड़ फिरौती मांगने के मामले में झारखंड और बंगाल के दो अपहरकताओं को गिरफ्तार किया था। यही नहीं पोक्सो एक्ट के आरोपी को मालदा रामपुर व अलग अलग जगहों से गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका निभा चुके है। एसआई के कार्यशैली को देखते हुए एसपी द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है।यह केवल एक गिरफ्तारी नहीं थी। बल्कि न्याय की उस उम्मीद को जिंदा रखना था। जिसे पीड़ित परिवार लगभग खो चुका था। आरोपी को पकड़कर वापस लाया गया और उसे जेल भेज दिया गया। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिला और समाज में कानून के प्रति विश्वास और गहरा हुआ।पुलिस कार्यशैली की चौतरफा प्रशंसा एसआई हसनैन अंसारी की इस साहसिक कार्रवाई और उनकी समग्र कार्यशैली की चौतरफा प्रशंसा हो रही है। आम जनता से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक, हर कोई उनके जज्बे और कर्तव्यनिष्ठा की तारीफ कर रहा है। उनका यह प्रयास न केवल अपराधियों में खौफ पैदा कर रहा है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। हसनैन अंसारी जैसे कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी यह साबित करते हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदारी से समाज से अपराधों को मिटाया जा सकता है। और आम लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा किया जा सकता है।

## विज्ञान संकाय में निखिल बना रामगढ़ जिला टॉपर

**रामगढ़** : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडिएट के साइंस और कॉमर्स संकाय का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। रामगढ़ जिला के मांडू स्थित आईजीएस कॉलेज का छात्र जरबा निवासी निखिल कुमार 460 अंक हासिल कर विज्ञान संकाय में जिला टॉपर बना। निखिल कुमार का परिवार साधारण किसान है। उनके पिता गणेश साव कृषि काम और मां घर का काम संभालती हैं। आर्थिक संकट के बावजूद निखिल ने शिक्षा को ही प्राथमिकता दी। उसने विज्ञान संकाय से परीक्षा दी थी और हर विषय में बेहतरीन अंक पाए हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षक और अपने परिजनों को दिया है ।

### अधिकारियों के सामने ही स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठाया सवाल

# बोल्डर्स आसानी से बाहर निकल जा रहे हैं जिससे कटाव का खतरा ज्यों का त्यों बना हुआ हैः ग्रामीण

**मेट्रो रेज**

साहिबगंज/उधवाः प्रखंड के पूर्वी प्राणपुर और श्रीधर कॉलोनी नंबर 10 के बीच चल रहे गंगा कटावरोधी कार्य में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगा है। ग्रामीणों की और श्रीधर पंचायत के मुखिया तमाल मंडल की शिकायत पर बुधवार को जांच दल मौके पर पहुंचा। लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने ही कार्य में इस्तेमाल हो रही घटिया सामग्री की पोल खोल दी। ग्रामीणों और मुखिया तमाल मंडल द्वारा बीडीओ सह सीओ को दिए गए लिखित आवेदन के बाद गंगा पंप नहर साहिबगंज के





कार्यपालक अभियंता प्रेम कुमार सोरेन और कनीय अभियंता बालेश्वर मुर्मू जांच के लिए घटना स्थल पर पहुंचे। हालांकि अधिकारियों के सामने ही स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा दिए। ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि कटावरोधी कार्य में जिस तार और बोल्डर का इस्तेमाल किया जा रहा है। वह बेहद निम्न स्तर का है। उनकी शिकायत थी कि जिस तार से पत्थरों को बांधा जा रहा है। वह इतना कमजोर है कि बोल्डर्स आसानी से बाहर निकल जा रहे हैं।जिससे कटाव का खतरा ज्यों का त्यों बना हुआ है।बल्कि कुछ स्थानों पर तो और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने मौके पर ही अधिकारियों से इन घटिया सामग्रियों को तुरंत बदलने की मांग की।

### न्यूज IN ब्रीफ

## बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड 14 जमाईटोला ग्राम में शनिवार को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास के द्वारा नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीण ने बताया कि जमाई टोला ग्राम में कल शुक्रवार दोपहर में ट्रांसफार्मर जल जाने से स्थानीय लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वही बच्चो को पढ़ाई लिखाई मे भी समस्या आ रही थी।जिसकी शिकायत हमलोगो ने कांग्रेसी नेता अश्विनी कुमार आनन्द से किया था जिसके आलोक में शनिवार को 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास के द्वारा किया गया मात्र 20 घंटा मे ही ट्रांसफार्मर लग गया। जिससे स्थानीय लोगो में काफी हर्ष का माहौल है। वही ग्रामीण बिजली एसडीओ और कांग्रेस जनो का आभार व्यक्त किया.उक्त मौके पर मुख्य रुप से अश्विनी कुमार आनन्द रंजीत महतो, हेप्पी कुमार,अरविन्द महतो आर्यन कुमार,ओम प्रकाश साह,अमित कुमार,विष्णु महतो,बासकी रजक,जिया कुमारी,प्रिया कुमारी सहित दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

## कॉमर्स के सफल छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह



**साहिबगंज:**बीके ट्यूशन आर्टस एवं कॉमर्स वलासेस तालवन्ना पीपल पेड़ के समीप कॉमर्स क्लासेज की संचालिका जूही मेम ने अपने ट्यूशन मे कॉमर्स के सफल छात्र-छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जहाँ कॉमर्स के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा सभी छात्र छात्राए ने प्रथम श्रेणी से सफल रहावही ट्यूशन के संचालिका जूही मेम ने सभी सफल छात्र छात्राओं को मिठाई खिला कर बधाई दी।उन्होंने बताया की प्रत्येक वर्ष हमारे ट्?यूशन से छात्र छात्राए प्रथम श्रेणी से सफल होते आ रहे हैं.उन्होंने बताया की इस वर्ष कॉमर्स में पियुष कुमार-374,धैर्य कुमार -333,प्रियंका कुपारी 327,कुणाल कुमार 318 इशिका राज 341नंदनी कुमारी-371 अंक लाया है।वही छात्र छात्राओं ने बताया की यह जूही मेम की मेहनत का ही परिणाम है कि जो हम लोगो को सफलता मिली है।क्योंकि मेम प्रत्येक सप्ताह हमलोगो का टेस्ट परीक्षा लेती रहती थी.वही छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता के लिए माता पिता के साथ कॉमर्स क्लासेज की जूही मेंम व निदेशक डॉक्टर वीर कुमार केशरी को क्षेय दिया है।

## आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरी ने की बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा- अर्चना




**बासुकीनाथः** विश्वप्रसिद्ध शिव नगरी बासुकीनाथ मंदिर में शनिवार के दिन निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर एवम महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फौजदारी बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे । जहां स्वामी जी ने पंडित लाली बाबा के अगुवाई में विधि विधान से वेद मंत्रों के बीच बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा बासुकीनाथ जी का पूजा अर्चना किया । लाली बाबा के सहयोगी दर्जनों पंडितों ने महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी को विधि विधान से पूजा -अर्चना कराया । बाबा मंदिर के बाद स्वामी जी ने मैया पार्वती का भी पूजा अर्चना किया । पूजा अर्चना के बाद उन्होंने बाबा बासुकीनाथ जी का भव्य आरती भी किया । आरती समापन के बाद स्वामी जी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वन विभाग के आईबी विश्रामागार पहुंचे । फिर वे कुछ देर के बाद देवघर के लिए प्रस्थान कर गए । मौके पर दर्जनों पंडा पुरोहित एवम बीडीओ सह मंदिर प्रभारी कुंदन भगत जरमुंडी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल सहित दर्जनों पुलिसकर्मी तथा मंदिर कर्मचारी भी मौजूद थे ।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने की पीएम पोषण योजना की समीक्षा, दिये निर्देश

**खूंटी :** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को डीएसई अभय कुमार शील की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएम पोषण योजना के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी एवं एमडीएम ऑपरेटर शामिल हुए।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विद्यालयों की ओर से शत प्रतिशत एसएमएस किया जा रहा है। योग्य रसोईया के वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा में पाया गया कि तोरपा प्रखंड में तीन रसोइया का वृद्धावस्था पेंशन नहीं बना है, इन तीनों रसोइयों का पेंशन तीन दिनों में बनवाने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक ने तोरपा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ को दिया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड भी तीन दिनों में शत प्रतिशत बनवाने और विद्यालयों में तिथि भोजन नियमानुसार बच्चों को परोसने का निर्देश दिया गया। डीएसई ने कहा कि भोजन मेन्यू के अनुसार बच्चों को मिले, इसकी समीक्षा प्रतिदिन सीआरपी अपने विद्यालय भ्रमण के क्रम में करेंगे। बैठक में बीईईओ धीरेंद्र कुमार, बीपीओ मनमोहन साहु, अजय कुमार , विवेक कुमार, रंजीता बाखला, नरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# हाउसफुल 5 के इवेंट में फीस के सवाल पर भड़के अक्षय, बोले-

## तुझे क्यों बताऊं? रेड डालेगा क्या?



अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 का ट्रेलर जारी हो गया है। सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर को खूब सराहा गया है। हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार से एक व्यक्ति ने पूछा कि उन्होंने कितनी फीस ली। इस पर अक्षय कुमार भड़क गए। हालांकि उनके जवाब को लोगों ने मजाकिया अंदाज में लिया और सब हंस दिए।

### अक्षय कुमार ने दिया मजेदार जवाब

हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट का एक वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अक्षय कुमार से किसी ने पूछा हाउसफुल 5 के लिए उन्होंने कितना चार्ज किया? इस पर उन्होंने जवाब दिया अगर मैंने पैसे लिए होंगे तो मैं तुझे क्यों बताऊंगा? तू हमारा भतीजा लगता है? मैंने पैसे लिए, अच्छे खासे लिए। फिल्म बनी, बहुत अच्छे खासे बजट में बनी। बहुत मजा आया। आज खुशी का दिन है तूने मेरे यहां रेड डालना है? अक्षय के इस जवाब ने लोगों को हंसा दिया।

### हाउसफुल 5 के बारे में


ख्याल रहे कि हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला, वर्दा नाडियाडवाला और फिरुजी खान हैं। हाउसफुल 5 कॉमेडी फ्रैंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन हैं। ये लोग हाउसफुल 3 के बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं।

### फिल्म में हैं ये कलाकार

इस फिल्म में संजय दत्त, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा, चंकी पांडे, निकितिन धीर और जॉनी लीवर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। हाउसफुल 5 अगले महीने यानी 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# मृणाल और अदिवी शेष की डकैत का टीजर रिलीज

● प्यार और धोखे की कहानी में लगेगा एक्शन का तड़का




इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'डकैत' का आज टीजर जारी हो गया है। टीजर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। टीजर में फिल्म की प्रमुख स्टारकास्ट अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप नजर आ रहे हैं। फिल्म का नाम 'डकैत- एक प्रेम कथा' है, ऐसे में फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा।

### प्यार और धोखे की कहानी दिखाती है फिल्म

1 मिनट 1 सेकंड के इस टीजर की शुरूआत अदिवी शेष के एक वाइस ओवर से होती है। जबकि मृणाल ठाकुर की आखों में आंसू हैं और वो परेशान दिखती हैं। वाइस ओवर में कहता है, 'जूलियट तेरे साथ सबने बहुत गलत किया है। जिस पर भी तूने भरोसा किया, उसने तुम्हे धोखा दिया। लेकिन फिक्र मत कर, अब मैं आ गया हूं। अब कोई नहीं बचेगा। बचेगी तो बस तेरी बर्बादी।' टीजर से पता चलता है कि फिल्म की कहानी कहीं न कहीं प्यार और धोखे पर आधारित है। टीजर में अनुराग कश्यप भी एक झलक दिखे हैं। जो कहीं न कहीं फिर से फिल्म में निगेटिव किरदार में लग रहे हैं। फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

### टीजर ने बढ़ाई फिल्म को लेकर उत्सुकता

टीजर में एक ओर जहां अदिवी शेष एक्शन अवतार में और गुस्से में नजर आ रहे हैं, तो वहीं मृणाल ठाकुर परेशान हैं और दुखी दिख रही हैं। एक सीन में वो अदिवी शेष के ही पीछे छिपती भी दिखती हैं। टीजर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। शेनिल देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप के अलावा प्रकाश राज, अतुल कुलकर्णी, सुनील, जैन मैरी खान और कामाक्षी भास्करला जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

### मृणाल ने किया श्रुति हासन को रिप्लेस

डकैत में पहले श्रुति हासन अदिवी शेष के साथ मुख्य भूमिका में थीं, लेकिन बाद में उन्होंने फिल्म से किनारा कर लिया। इसके बाद अब मृणाल ठाकुर फिल्म में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



# ओमंग कुमार की फिल्म से होगी हर्षवर्धन राणे की वापसी

इमोशन के बादशाह निर्देशक ओमंग कुमार और अभिनेता हर्षवर्धन राणे दोनों की जबरदस्त वापसी एक साथ एक नई फिल्म से होने जा रही है। इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे के साथ सादिया खतीब, करणवीर मेहरा और इप्सिता भी होंगे। फिल्म एक रोमांटिक एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है।

बायोपिक फिल्मों 'मैरी कॉम' और 'सरबजीत' से धाक जमाने वाले निर्देशक ओमंग कुमार अब मैदान में उतर रहे हैं एक नए तेवर के साथ। इस बार न कोई बायोपिक, न कोई सीधी-सादी कहानी–बल्कि दिलों को धड़काने वाला एक हाई-वोल्टेज रोमांटिक एक्शन ड्रामा, जिसमें प्यार भी है, तकरार भी है और जबरदस्त टशन भी। जानकारी के मुताबिक इस फिल्म की मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे रफ-टफ लुक वाले हर्षवर्धन राणे, संजीदा अदाकारा सादिया खतीब, स्टाइलिश और सधा हुआ अंदाज़ लिए करणवीर मेहरा, और एक ताज़गी से भरी धमाकेदार एंट्री के साथ इप्सिता। ये चौकड़ी मिलकर लव स्टोरी के पर्दे पर आग लगाने आ रही है। फिल्म का निर्माण कर रहे हैं खुद ओमंग कुमार। पता चला है कि ओमंग कुमार ने ये पूरा प्रोजेक्ट अभिषेक अंकुर (ब्लू लोटस पिक्चर्स), उमेश केआर बंसल, प्रगति देशमुख (ज़ी स्टूडियोज), हिमांशु तिवारी, अजय सिंह, धनंजय सिंह (स्टार्क एंटरटेनमेंट) और कैप्टन राहुल बाली (इनोवेशंस इंडिया) के साथ मिलकर खड़ा किया है।



# ऐश्वर्या की कॉपी कहे जाने पर आगबबूला उर्वशी

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला हाल ही में संपन्न हुए कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंची थीं। उन्होंने अपने लुक से खूब लाइमलाइट बटोरी। इस बीच उन पर कथित तौर पर ऐश्वर्या राय को कॉपी करने का आरोप लगा, जिसका उर्वशी ने करारा जवाब दिया है।

उर्वशी रौतेला अक्सर अपनी टिप्पणियों, अपने लुक और सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं। हाल ही में वे जब कान फिल्म फेस्टिवल पहुंचीं तो उनके स्टाइल को लेकर फिर सोशल मीडिया पर उर्वशी को ट्रोल किया गया। मगर, इस बार उर्वशी का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया है। आखिर उन पर ऐश्वर्या राय को कॉपी करने का आरोप जो लगाया गया। ऐसा कहने वालों को उर्वशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुंहतोड़ जवाब दिया है।

### ऐश्वर्या की डुप्लीकेट कहे जाने पर बुरी तरह चिढ़ीं उर्वशी

हाल ही में 78वें कान फिल्म फेस्टिवल संपन्न हुए। यहां कई भारतीय अभिनेत्रियों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। उर्वशी रौतेला भी कान फेस्टिवल पहुंचीं। उन पर कथित तौर पर ऐश्वर्या राय को कॉपी करने का आरोप लगाया गया। बता दें कि ऐश्वर्या साल 2002 से कान फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेर रही हैं। खुद को ऐश्वर्या का डुप्लीकेट कहने वालों को उर्वशी ने लंबा चौड़ा पोस्ट लिखकर जवाब दिया है।

# आईपीएल 2025 : आज मिलेगा दूसरा फाइनलिस्ट

## क्वालिफायर 2 में मुंबई–पंजाब के बीच मुकाबला

एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के क्वालिफायर 2 में आज पंजाब किंग्स और मुम्बई इंडियस आपस में भिड़ेंगे। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबले में जो टीम हारेगी उसके लिए यह टूर्नामेंट समाप्त हो जाएगा अर्थात वह टीम बाहर हो जाएगी, जबकि जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। जहां खिताबी मुकाबले में उस टीम का सामना 3 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ क्वालिफायर 1 में आठ विकेट से हारने के बाद पंजाब किंग्स के पास फाइनल में पहुंचने के लिए दूसरा मौका है। ऐसे में कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब की टीम के लिए यह 'करो या मरो' की स्थिति है। अगर टीम को अपने पहले आईपीएल




खिताब को जीतना है तो उसे पिछली हार को भुलाते हुए इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी पिछले मैच में बहुत खराब रही थी। टीम 101 रन पर ही सिमट गई थी। ऐसे में उसे मुंबई के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

दूसरी ओर, पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में गुजरात टाइटन्स को हराकर क्वालिफायर 2 में जगह बनाई है। मुंबई की टीम को आईपीएल प्लेऑफ में खेलने का बहुत अनुभव है। यही बात हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुम्बई इंडियंस को इस मुकाबले में थोड़ी बढ़त देती है। टीम के पास जसप्रीत बुमराह जैसा स्टार तेज गेंदबाज है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार याद, तिलक वर्मा किसी भी वक्त अपने खेल से मुम्बई को मैच जितवा सकते हैं। वहीं कप्तान हार्दिक पांड्या गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई की टीम ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि पंजाब किंग्स की चुनौती को पार पाना उनके लिए भी आसान नहीं होगा। मौजूदा आईपीएल सीजन में मुम्बई की पंजाब से एक बार टक्कर हुई है, जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में क्वालिफायर 2 मुकाबले में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला होने वाला है।

**पंजाब किंग्स की संभावित प्लेइंग-11:** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहाल वढेरा, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, अजमतुल्लाह उमरजई, हरप्रीत बरार, काइल जेमिसन, अर्शदीप सिंह।

**मुंबई इंडियंस की संभावित प्लेइंग-11:** रोहित शर्मा, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, राज अंगद बावा, मिचेल सेंटनर, रिचर्ड ग्लीसन, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट।

## एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भाला फेंक में सचिन यादव ने जीता रजत, अरशद नदीम को स्वर्ण



**गुमी।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट सचिन यादव ने शनिवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम कर लिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा और दविंदर सिंह कांग जैसे दिग्गजों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा लिया है।

**आखिरी दो थ्रो ने बदल दी तस्वी :** सचिन यादव लंबे समय तक मेडल की दौड़ से बाहर थे, लेकिन अंतिम दो प्रयासों में उन्होंने बाजी पलट दी। उन्होंने 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के दमदार थ्रो कर सीधे दूसरे स्थान पर छलांग लगा दी और रजत पदक अपने नाम किया।

**पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम ने जीता स्वर्ण :** पाकिस्तान के अरशद नदीम ने प्रतियोगिता में दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास से लय पकड़ी और 86.40 मीटर का जबरदस्त थ्रो करते हुए पहले स्थान पर कब्जा जमाया। उन्होंने आखिरी थ्रो में भी अपने प्रदर्शन को बेहतर किया।

भारत के एक और भाला फेंक एथलीट यशवीर सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 82.57 मीटर की थ्रो के साथ अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल किया और पांचवें स्थान पर रहे। हालांकि, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्वालिफाई करने के लिए 85.50 मीटर की थ्रो अनिवार्य है, जो सचिन और यशवीर दोनों से थोड़ी दूर रह गई।

**किसान परिवार से निकला सितारा :** उत्तर प्रदेश के बागपत के पास खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले सचिन यादव की यह थ्रो उनके करियर की दूसरी सर्वश्रेष्ठ रही। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 84.39 मीटर का था। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने इस प्रतियोगिता से किनारा कर डायमंड लीग पर फोकस करने का निर्णय लिया। उन्होंने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की दूरी पार कर इतिहास रचा था।

# अमनदीप ड्राल ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 7वें चरण में जीता सीजन का पहला खिताब

एजेंसी

**मैसूरु।** देश की सबसे सफल महिला गोल्फरों में से एक अमनदीप ड्राल ने एक बार फिर अपना विजयी प्रदर्शन जारी रखते हुए हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (हीरो डब्ल्यूपीजीटी) के 7वें चरण में खिताब अपने नाम किया। उन्होंने जयचमराज वाडियार गोल्फ क्लब में आयोजित इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दिन 1-ओवर 71 का स्कोर कार्ड किया और 3-ओवर 213 के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त से जीत दर्ज की। यह जीत लगभग 15 महीने बाद आई है, पिछली बार अमनदीप ने मार्च 2024 में



खिताब जीता था। अमनदीप 2015 से हर साल कम से कम एक खिताब जीतने वाली खिलाड़ी हैं, जो उन्हें हीरो टूर की सबसे स्थिर और भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक बनाता है। इस सीजन में वह चौथी अलग विजेता बनी हैं, इससे पहले वाणी कपूर (3 बार), स्नेहा सिंह (2 बार) और रिया पुर्वी सरवनन खिताब जीत चुकी हैं। अमनदीप ने 71-71-71 के स्कोर के साथ टूनार्मेंट समाप्त किया, वहीं रिधिमा दिलावरी ने अंतिम दिन 1-अंडर 69 का बेहतरीन प्रदर्शन कर कुल 5-ओवर स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पूरे सप्ताह भारी बारिश और कठिन हालातों के बीच रिधिमा का 69 का स्कोर सबसे उल्लेखनीय रहा। वाणी कपूर, जिन्होंने चौथा, पांचवां और छठा चरण जीता था, उन्होंने अंतिम दिन 73 का स्कोर किया और रिया पुर्वी सरवनन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहीं। वाणी ने 71-72-73 जबकि रिया ने 72-68-76 का स्कोर बनाया। अमनदीप, जो पहले हीरो महिला इंडियन ओपन की उपविजेता रह चुकी हैं, लेडीज यूरोपीय टूर में वापसी की कोशिश में लगी हैं, जहाँ वह पिछले साल कार्ड गंवा चुकी थीं। अंतिम राउंड में वह रिया से दो शॉट पीछे थीं, लेकिन पहले होल में बर्डी और रिया की दूसरे होल में बोगी ने दोनों को बराबरी पर ला दिया। उसके बाद मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा। 13वें होल पर रिया की पांचवीं बोगी से दोनों फिर बराबरी पर आ गए। 17वें होल पर रिया ने डबल बोगी की और 18वें पर भी बोगी की, जिससे वह शीर्ष से बाहर हो गईं, जबकि अमनदीप ने अंतिम सात होलों में लगातार पार स्कोर कर खिताब पर कब्जा जमाया। शीर्ष-10 में अन्य स्थानों पर खुशी खानिजाउ (69) और जैस्मिन शेखर (71) संयुक्त रूप से पांचवें, अनन्या गर्ग (70) और विद्यात्रि उर्स (75) संयुक्त सातवें, लावण्या जादोन (72) आठवें और आस्था मदान (74) व नेहा त्रिपाठी (75) संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं।

# छत्तीसगढ़ में जल्द होगी शिक्षकों की भर्ती

## पांच हजार पदों पर नियुक्ति की तैयारी शुरू

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावशील बनाने के लिए शिक्षकों के रिक्त पदों पर चरणबद्ध भर्ती की जाएगी। प्रथम चरण में 5,000 शिक्षकों की भर्ती होगी। इस निर्णय से प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन अध्यापन व्यवस्था को गति मिलेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इन्हीं पहल में



शामिल है शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया राज्य में शुरू कर दी गई है। इसके पूरा होने के बाद शिक्षकों के रिक्त पदों का आकलन कर नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

शनिवार की देर रात शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शालाओं के युक्तियुक्तकरण के तहत राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर में दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें दर्ज संख्या 30 से कम हैं और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है, इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण यानि तर्कसंगत समायोजन कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत ज्यादा है, वहां संसाधनों और शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो। उन स्कूलों को जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीकी अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर उपलब्ध हो सके।

शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से बच्चों को ज्यादा योग्य और विषय के हिसाब से विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कंप्यूटर आदि की सुविधाएं सुलभ होंगी। शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में अब पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। जिन स्कूलों में पहले गिनती के ही छात्र होते थे, वे अब पास के अच्छे स्कूलों में जाकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस बदलाव से शिक्षा का स्तर सुधरेगा। छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।यह पहल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को ज्यादा सशक्त और संतुलित बनाएगी। युक्तियुक्तकरण से न सिर्फ शिक्षकों का समुचित उपयोग होगा, बल्कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी मिल सकेगी।

# हिमाचल के कई क्षेत्रों में बारिश, मनाली की चोटियों पर बर्फबारी, पांच दिन तक येलो अलर्ट

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में जून के महीने में भी बर्फ गिर रही है। राजधानी शिमला और मैदानी इलाकों में बीती रात हुई बारिश के बाद जहां रविवार को मौसम साफ बना हुआ है वहीं मनाली और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मनाली की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी से पहाड़ों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। राज्य की उच्च पर्वत श्रंखलाओं पर हो रही बर्फबारी से जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलंग, कुकुमसेरी और ताबो जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान में गिरावट आई है। केलंग में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो प्रदेश में सबसे कम है। ताबो और कुकुमसेरी में भी न्यूनतम तापमान क्रमशः 5.7 व 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी शिमला में न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि पर्यटक स्थल मनाली में पारा 12.1 डिग्री तक गिरा। राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया गया है।चम्बा में भी आज तड़के वर्षा हुई, जबकि किन्नौर में हल्के बादल छाए रहे। बीते 24 घंटों के भीतर चम्बा जिला के भरमौर में सबसे अधिक 14 मिमी बारिश दर्ज की



गई। इसके अलावा पांवटा साहिब में 12 मिमी, जतोन बेरेज, चम्बा और कसौली में 7-7 मिमी, चौपाल और जोत में 6-6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में तेज आंधी भी चली। बरठीं, नेरी, बिलासपुर, सियोबाग, धोलोकुआं, कुकुमसेरी और ताबो जैसे इलाकों में आंधी चलने से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने पांच जून तक राज्य के विभिन्न भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले पांच दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार आज यानी एक जून व कल दो जून कैबराज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, साथ ही कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तीन व चार जून को अपेक्षाकृत अधिक व्यापक रूप से बादल छाए रहेंगे, बिजली चमकने व तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। पांच जून को दोबारा बारिश व तेज हवाओं के साथ गरज-चमक की संभावना है और इस दिन भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि छह व सात जून को मौसम सामान्य रहेगा। इन दिनों प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है जबकि येलो अलर्ट समाप्त हो जाएगा। मौसम के तेवरों को देखते हुए प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस मौसम में आसमानी बिजली गिरने की घटनाएं सामने आती हैं। बिजली गिरने और आंधी के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े न रहने की हिदायत दी गई है।

## मंडी के धर्मपुर - द्रुमण में टाटा सूमो गिरी, चालक की मौत

मंडी : मेले में दुकान लगाने के लिए गए मंडी जिले के धर्मपुर उपमंडल की लंगेहड़ पंचायत के गांव द्रुमण में शनिवार को एक टाटा सुमो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक की मौका ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह एक टाटा सुमो गाड़ी एचपी 28 ए-0842 धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत लंगेहड़ के द्रुमण गांव में गियूण द्रुमण मार्ग पर गहरी खाई में जा गिरी। गाड़ी के चालक व मालिक सुरेंद्र सिंह पुत्र कृष्ण चंद गांव मंडप की मौके पर ही मौत हो गई। सुरेंद्र शनिवार सुबह ही अपनी माता को द्रुमण में लगे मेले में छोड़ने गया तथा जब वह वापस आ रहा था तो उतराई में उसकी गाड़ी बेकाबू हो कर 500 फीट नीचे जा गिरी। गाड़ी नीचे जाकर एक पेड़ से टकरा कर चकनाचून हो गई। चालक सुरेंद्र कुछ फीट पहले ही गाड़ी से बाहर गिर गया था। गांव वालों ने जैसे ही इस हादसे को देखा तो तुरंत उसे वहां से उठाकर गाड़ी में धर्मपुर अस्पताल ले गए मगर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र धर्मपुर में अर्जी नबीस का काम करता था।

घटना की सूचना मिलते हुए धर्मपुर थाना के प्रभारी विनोद कुमार दलबल सहित मौका पर पहुंचे तथा दुर्घटना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सरकाघाट भेजा जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि टाटा सूमो गाड़ी गिरने से चालक की मौत हुई है।

# ग्वालियर में सात और महिलाएं शक्ति दीदी बन संभालेंगीं फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी



✔ कलेक्टर, एसएसपी एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर करेंगे शक्ति दीदियों का उत्साहवर्धन

एजेंसी

**ग्वालियर :** ग्वालियर जिले की जरूरतमंद महिलाएं शक्ति दीदी बनकर महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रही हैं। जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कलेक्टर रुचिका चौहान ने ₹शक्ति दीदी₹ के नाम से नवाचार किया है। शक्ति दीदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस क्रम में आज (एक जून को) शहर के चार विभिन्न पेट्रोल पंपों पर सात महिलाएं शक्ति दीदी बनकर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभालेंगीं।कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि इस नवाचार से जरूरतमंद महिलाओं को लगातार सहारा मिल रहा है। शक्ति दीदी नवाचार के तहत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। बता दें शक्ति दीदी के तहत पहले से ही जिले में 45 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं। आज सात और महिलाओं के जुड़ जाने से जिले में शक्ति दीदियों की संख्या 52 हो जायेगी। जनसम्पर्क अधिकारी हितेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एक जून को विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को ह्लशक्ति दीदीह्व के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलाएंगे। साथ ही उनका उत्साहवर्धन करेंगे। कलेक्टर प्रातः 11.30 बजे बिरलानगर स्थित रामजानकी फ्यूल पेट्रोल पंप पर अनीता कुशवाह व रानी गौर को व सिंहपुर रोड बारादरी मुरार स्थित माँ पेट्रोलियम पंप पर कविता रूरया को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगीं। इसी तरह एडीएम टीएन सिंह व जिला खेल अधिकारी जोसेफ बक्सला भिण्ड रोड गोला का मंदिर स्थित पटेल एण्ड संस पेट्रोल पंप पर पूजा ओझा व सोना देवी एवं एसडीएम दिव्यांशु चौधरी व एसडीओपी जितेन्द्र नगाइच अरूू तिराहा डबरा स्थित ओम फिलिंग स्टेशन पर रंजना सोनी व रीता बाथम को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे।

# सेना ने भद्रवाह में 7,850 फीट की ऊंचाई पर खानाबदोशों के लिए स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



एजेंसी

**भद्रवाह :** ऑपरेशन सद्भावना के तहत एक दयालु आउटरीच प्रयास में भद्रवाह में स्थित भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने जम्मू और कश्मीर के भद्रवाह के उच्च ऊंचाई वाले घास के मैदानों में रहने वाले आदिवासी खानाबदोशों के लिए एक निःशुल्क चिकित्सा और पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर समुद्र तल से 7,850 फीट की ऊंचाई पर स्थित जय घाटी में आयोजित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। हर साल अपने पशुओं के साथ ऊपरी इलाकों में प्रवास करने वाले 300 से अधिक आदिवासियों को सेना और एसडीएच भद्रवाह के डॉक्टरों और पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम से चिकित्सा देखभाल और मुफ्त दवाइयाँ मिलीं।अधिकारियों ने कहा कि यह पहल स्थानीय आबादी के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने और कठिन इलाकों में रहने वाले हाशिए पर पड़े समूहों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सेना के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। भारतीय सेना सभी नागरिकों, खासकर दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन सद्भावना के तहत हमारा लक्ष्य बुनियादी सेवाओं में अंतर को पाटना और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का समर्थन करना है।स्थानीय लोगों ने आभार व्यक्त किया और क्षेत्र में समर्थन और आश्वासन के स्रोत के रूप में सेना की निरंतर उपस्थिति पर प्रकाश डाला। एक आदिवासी करीम ने कहा कि हम उन सैनिकों के आभारी हैं जो न केवल आपूर्ति के साथ बल्कि देखभाल और करुणा के साथ इन पहाड़ों में आते हैं। एक अन्य आदिवासी रहमान अली ने कहा कि ऊंचे-ऊंचे घास के मैदान अक्सर बुनियादी सेवाओं से कटे रहते हैं। सेना हमारे साथ है। हम सुरक्षित महसूस करते हैं और हम खुश हैं। हम यहां इस चिकित्सा शिविर का आयोजन करने के लिए सेना के आभारी हैं। रहमान ने कहा कि हमें यहां बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस इलाके में कोई अस्पताल या डिस्पेंसरी नहीं है। लेकिन आज भारतीय सेना ने इन पहाड़ों में एक मेडिकल कैंप स्थापित किया है। इससे हमें बहुत मदद मिली हमारी स्वास्थ्य जांच हुई और दवाइयां मुफ्त में दी जा रही हैं। हम भारतीय सेना के आभारी हैं।

## बुजुर्ग दंपति का फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी

**उत्तर :** उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर के घोला थाना अंतर्गत महेंद्रनगर इलाके में शनिवार रात एक बुजुर्ग दंपति का फंदे से लटका हुआ शव बरामद किया गया। दंपत्ति की मौत के कारणों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार मृतकों के नाम शेखर सामंत और मनिका सामंत हैं। वे महेंद्रनगर इलाके के रहने वाले हैं। शेखर सामंत नौकरी से रिटायर हो चुके हैं। उनकी बेटी बाहर रहती है। हालांकि शेखर के घर उनके भाई के परिवार का आना-जाना लगा रहता था। शनिवार की रात शेखर सामंत का भतीजा उनके घर आया था। इलाके में लोडशेडिंग के कारण पूरे घर में अंधेरा था।

# आतंक से बेखौफ, कश्मीर में खीर भवानी मंदिर में उमड़े तीर्थयात्री

एजेंसी

**श्रीनगर :** पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बाद व्याप्त भय के बावजूद, बड़ी संख्या में श्रद्धालु कश्मीर में प्रतिष्ठित माता खीर भवानी मंदिर में दर्शन कर रहे हैं। कई कश्मीरी पंडितों सहित तीर्थयात्रियों ने अटूट आस्था व्यक्त की और कहा कि इस तरह के हमले उनकी भक्ति को कम नहीं कर सकते। वार्षिक खीर भवानी मेला 3 जून, 2025 को कश्मीर घाटी के गंदरबल जिले में स्थित तुलमुल्ला में प्रतिष्ठित खीर भवानी मंदिर में शुरू होगा।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वार्षिक तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए व्यापक सुरक्षा और रसद व्यवस्था की गई है। एक श्रद्धालु राजेश ज्योत्सी ने कहा कि माता खीर भवानी हमारी कुल देवी हैं और उनके दर्शन करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। हमें किसी बात का डर नहीं है यह हमारी भूमि है। इस तरह के हमले होते रहते हैं लेकिन यहां की व्यवस्थाएं बेहतरीन हैं। मैं सभी से यहां आने और आशीर्वाद लेने का आग्रह करता हूं। पहली बार यहां आए सरोज ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त की। यह मेरी पहली यात्रा है। मैंने इस स्थान के बारे में बहुत कुछ सुना था। हमें डर नहीं है ये हमले केवल डर पैदा करने के लिए हैं और हमें मजबूती से खड़े रहना चाहिए। पहलगाम हमला दुर्भाग्यपूर्ण था लेकिन पर्यटकों को वहां जाना चाहिए। इसलिए हमें डरना नहीं चाहिए। राहत और पुनर्वास आयुक्त अरविंद करवानी ने कहा कि सरकार ने सुनिश्चित किया है कि तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। हमने भोजन, चिकित्सा सहायता, स्वच्छता और आवास की व्यवस्था की है। रामबन में एक ठहराव सुविधा भी है जहां व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रा के लिए 60 से अधिक बसें तैनात की गई हैं और और भी बसें जोड़ी जा रही हैं। जम्मू के एसएसपी जोगिंदर सिंह ने कहा कि शांतिपूर्ण और सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

# 24 करोड़ की लागत से नालंदा में बनेगा पूर्वोत्तर भारत का पहला आधुनिक सुविधायुक्त इनडोर शूटिंग रेंज

एजेंसी

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नालंदा जिले के कल्याण, विगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण हेतु 24.21 करोड़ (चौबिस करोड़ एक्कीस लाख सनतानवे हजार रुपए) रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा स्थित इनडोर शूटिग रेंज से सटे पूरब व दक्षिण पूरब खाली पड़ी जमीन में 25 व 50 मीटर का आउटडोर रेंज बनाए जायगा। उन्होंने बताया कि कल्याण विगहा का 10 मीटर



इनडोर शूटिग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था। सम्राट चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को न कहीं बाहर जाना पड़ेगा, न खेल का अभ्यास छोड़ना पडेगा। उन्होंने कहा कि कल्याण बिगहा का शूटिग रेंज 14 साल पूरा करने वाला है। 14 मई 2011 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनडोर शूटिग रेंज का उद्घाटन किया था। इस रेंज का संचालन साढ़े पांच सालों तक पंचायत भवन में हुआ। 1 जनवरी 2017 को 35 लेन के अत्याधुनिक रेंज का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। उन्होंने कहा कि यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला इतना बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज है। यहां स्कोरिग भी स्वतः व आनलाइन होती है। यहां नेशनल स्तर के कई मैच हो चुके हैं। अपने आप में इस तरह का यह देश का दूसरा शूटिंग रेंज है। पहला स्थान मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के शूटिग रेंज का है। श्री चौधरी ने कहा कि इन दोनों रेंज की गिनती साधन व संसाधन की सम्पन्नता के लिए देश भर में की जाती है। देश मे सिर्फ कल्याण बिगहा व भोपाल में ही ऐसा रेंज है जहां खिलाड़ियों को हथियार मुहैया कराये जाते हैं ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### निर्मलप्रभा बरदलै का साहित्य-संस्कृति में योगदान असमिया समाज को प्रेरणाः सीएम

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने प्रसिद्ध कवयित्री, गीतकार, बाल-साहित्यकार और लोक-संस्कृति की गहन शोधकर्ता स्व. निर्मलप्रभा बरदलै को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका कालजयी साहित्यिक योगदान असमिया भाषा और संस्कृति को सजीव बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लनीला बाइदेउ द्वारा रचित अर्थपूर्ण गीतों में हम अपने बचपन और किशोरावस्था की अनेक यादें ढूंढ़ सकते हैं। उनके जीवन की प्रेरणा न केवल असम के साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत को जीवंत बनाए रखेगी, बल्कि नई पीढ़ी को भी उनकी रचनाओं पर चर्चा करने हेतु प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि निर्मलप्रभा बरदलै की साहित्य साधना असम के सांस्कृतिक आत्मा को सुदृढ़ करती है और उनके कार्यों से आज भी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

**मीरजापुर :** राजगढ़ थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव के पास शनिवार की देर शाम लगभग सात बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत से लौट रहे 65 वर्षीय किसान कैलाश सिंह को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कैलाश सिंह पैदल ही अपने घर लौट रहे थे, तभी मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर सोनभद्र की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि किसान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। घायल अवस्था में कैलाश सिंह को उनके परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. महेंद्र चौधरी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

### गोशालाओं से लाएं दुधारू गाय, पाएं पन्द्रह सौ रूपए महीना

**प्रयागराज :** मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोशालाओं से गाय लेने वाले प्रत्येक किसान को 15 सौ रुपए महीना दे रही है। गौ सेवा करने के साथ ही मजबूत करें अपनी आर्थिक स्थिति। यह जानकारी रविवार को प्रयागराज के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.शिवनाथ यादव ने दी।उन्होंने बताया कि गोशालाओं से निराश्रित दुधारू गायों को पालने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एक किसान को 15 सौ रुपए महीना दे रही है। एक परिवार को चार गाय ले सकता है। किसानों एवं पशुपालक भाइयों से अपील है कि ऐसा सुनहरा मौका हाथ न जाने दे। डॉ.शिवनाथ यादव ने किसानों से अपील किया है कि खेतों में पराली व भूसा जलाने के बजाय अपने नजदीकी गोशालाओं को दान करें। खेतों में पराली जलाने से मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाले सूक्ष्म किसान मित्र नष्ट हो रहें है। हरी खाद व खरपतवार को खेत में सूखने दे, जिससे खेत उपजाऊ होगा। डॉ.शिवनाथ यादव ने बताया कि अपने नजदीकी गौशाला से सम्पर्क करें और उसी क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करके आवेदन फार्म लेकर आवेदन करें। इसकी संस्तुति हो जाने पर आप को गाय मिल जाएगी। हालांकि कुछ जरूरी कागजात देने पड़ेगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल :** भारत के पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की आज रविवार को पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा पूर्व राष्ट्रपति, श्रद्धेय नीलम संजीव रेड्डी जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश की स्वतंत्रता के लिए आपने जेल में यातनाएं झेलीं। देश के नवनिर्माण के प्रति आपका समर्पण सदैव याद किया जाएगा।

### हैलाकांदी शहर में जल भराव की भयावह स्थिति

**हैलाकांदी :** हैइलाकांदी जिला शहर में जल भराव (कृत्रिम बाढ़) की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पिछले कुछ दिनों से राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश के परिणामस्वरूप हैलाकांदी जिला शहर के अलग-अलग इलाकों में भारी जल भराव से जनजीवन प्रभावित हुआ है।रविवार को मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में हैलाकांदी शहर की विभिन्न सड़कों के साथ-साथ कई लोगों के घरों में पानी घुसा हुआ है। शहर की विभिन्न सड़कों पर बांस लगाकर लोगों ने रास्तों को बंद कर रखा है। इस बीच हैलाकांदी जिले की दो नदियों का पानी तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में काटाखाल और धलेश्वर नदी का जल स्तर खतरनाक सीमा को पार कर चुका है। प्रति घंटा नदी का जलस्तर 20 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। अगर अगले 2 घंटे और बारिश होती है, तो हैलाकांदी जिले के कई क्षेत्र पानी के नीचे होंगे। दूसरी ओर, वर्तमान स्थिति को देखते हुए हैलाकांदी जिला के नगर पंचायत अध्यक्ष और विभिन्न वार्ड सदस्यों के प्रति स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने हैलाकांदी नगर पंचायत और जिला प्रशासन से आह्वान किया है कि इस कृत्रिम बाढ़ से उन्हें बचाने के लिए कार्रवाई करें, वरना हैलाकांडी शहर के विभिन्न क्षेत्र पानी के नीचे होंगे।

### दिल्ली के दिलशाद गार्डन में भाई-बहन ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली :** दिल्ली के दिलशाद गार्डन में भाई-बहन ने आत्महत्या कर ली। फ्लैट से दुर्गंध आने पर पुलिस पहुंची और दोनों के शव फांसी पर लटके मिले। मामला संदिग्ध है, जांच जारी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। मृतकों की पहचान 32 वर्षीय वीरेश कुमार तोमर और 30 वर्षीय मीनाक्षी उर्फ चिंकी के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद स्थित फतेहपुर चक, किशनपुर, रामाला के निवासी थे। दिल्ली के शाहदरा जिले के सीमापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलशाद गार्डन स्थित डी पॉकेट में उस समय सनसनी फैल गई जब एक फ्लैट से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को मिली। मामला फ्लैट नंबर 409 (ग्राउंड फ्लोर) का है, जहां से आ रही बदबू की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दरवाजा खोला। फ्लैट मालिक राजीव (पुत्र जीले सिंह) का है, जबकि उसमें पिछले तीन वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे एक भाई और बहन को पुलिस ने फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया।पुलिस ने बताया कि फ्लैट अंदर से बंद था और दोनों शवों की स्थिति से स्पष्ट है कि मौत को कुछ दिन बीत चुके हैं। शवों से आ रही बदबू से पड़ोसी परेशान हो उठे, जिसके बाद पीसीआर को कॉल की गई। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफ भी तैयार किया गया।

न्यूज ब्रीफ



## चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं उभरे गड्ढे

विनय मिश्रा

**चक्रधरपुर** मुख्य मार्ग पर यूं तो सड़क निर्माण के पश्चात संवेदक के द्वारा देखरेख की जवाबदेही को भी पूर्ण करने के लिए अधिकृत है किंतु चक्रधरपुर मुख्य सड़क मार्ग इन दोनों दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है इसकी प्रमुख वजह यह है की मुख्य सड़क पर गड्ढे उभर आए हैं और कभी भी दो पहिए वाहन इस गड्ढे में गिरकर वाहन सवार को चोटिल कर सकते हैं विदित हो कि हाल ही में व्यापक रूप से इस सड़क निर्माण कार्य कराया गया किंतु कुछ माह के पश्चात ही इस सड़क के समीप गड्ढे उभर आए हैं। वर्तमान समय में यह बताने के लिए काफी है कि संवेदक के द्वारा गुणवत्ता और ठोस तथा टिकाऊ सड़क निर्माण में कहीं ना कहीं त्रुटि और विसंगति रही है जिसके फल स्वरुप इन सड़कों में गड्ढे उभर आए हैं जिस कारण से दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत

**गुमला:**गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना स्थित महुआ डीपा ओवर ब्रिज के समक्ष सिसई थाना क्षेत्र के भदवली ग्राम निवासी 25 वर्षीय कार्तिक उरांव ( पिता - जतरु उरांव ) की सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत , उक्त सड़क दुघर्टना की सूचना मिलते ही सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर , उक्त शव को अपने कब्जे में लेते हुए ,पोस्टमार्टम हेतु उक्त शव को गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं,

## स्वच्छ शहर सुंदर शहर चक्रधरपुर को चिढ़ा रहा है गंदगी

कमल केसरी



**चक्रधरपुर** : नगर परिषद द्वारा, महज एक नारा देकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का इतिश्री कर कर ली गयी है । स्वच्छ शहर सुंदर शहर चक्रधरपुर के इन नारों की पोल ,गुदड़ी बाजार स्थित दुर्गा पूजा बिठाये जाने वाले स्थल के समीप गंदगी का अंबार खोल रहा है। गंदगी देखकर लोग काफी आक्रोशित है। सफाई के नाम पर इस गंदगी को, बगल में कूड़ा कचरा को जमा कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त मान लिया जाता है। सबसे हैरत की बात तो यह है कि, सफाई और कूड़ा हटाने की जवाब देही नगर परिषद की है, किंतु वह अपने कर्तव्य के प्रति कभी गंभीर नहीं है। ऐसा इस क्षेत्र के लोगों का कहना है। इन दिनों हो रही भीषण बारिश के बीच, गुदरी बाजार की हालत तो दयनीय हो चली है। लोग नगर परिषद के कार्य प्रणाली से काफी रोषित है, इसकी प्रमुख वजह यह है कि, पूरे क्षेत्र में या यूं कहे ,यत्र तत्र सर्वत्र गंदगी का ही साम्राज्य है। इस क्षेत्र में नगर परिषद के द्वारा कार्य भी किया गया, जो जनहित में नहीं दिखाई पड़ता है, ऐसा लोगों का मानना है, इसकी शिकायत उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम से करने का मन लोगों ने बनाया है, जिसकी समस्या का निवारण के साथ-साथ गंदगी से भी मुक्ति मिल सके।

## उपायुक्त विशाल सागर के उत्कृष्ट कार्यों से देवघर जिला बना बेहतर

ज्योति पाठक



**सरकारी** सेवा में पदस्थापना और तबादला सामान्य बात है किन्तु कुछ ऐसे अधिकारी होते हैं जो अपने कार्यों से पदस्थापना काल में अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यों से जिला का सर्वांगिक विकास करने के साथ साथ अपने कार्यों से हमेशा जिला वासियों के बीच कर्मठ और लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में सदैव पहचाने जाते हैं । श्रावणी मेला में उपायुक्त के रूप में इनके द्वारा कांवरियों, श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों की सुधि ली गई और बेहतर सुविधा दी गई वो काफी प्रशंसनीय रहा। इनके बेहतर कार्य और जिला के विकास संबंधित अधिकारियों से बेहतर सामन्जस्य का यह परिणाम रहा की देवघर जिला राज्य का बेहतर जिला बना। श्री सागर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के अधिकारी हैं वे देवघर जिला में अनुमंडल पदाधिकारी, रांची के उप विकास आयुक्त और देवघर के उपायुक्त रहे हैं। ऐसे अधिकारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

# साप्ताहिक ई-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं का ऑनलाइन हुआ समाधान

संवाददाता



**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक ई-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पालकोट एवं बसिया प्रखंड के ग्रामीणों ने अपने-अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं से अपर समाहर्ता को अवगत कराया।

पालकोट से एक ग्रामीण ने पंजी-2 से संबंधित भूमि मामले को उठाया, जिस पर अपर समाहर्ता ने आवश्यक जांच कर समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं एक अन्य शिकायतकर्ता ने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं होने की समस्या रखी, जिस पर श्री बड़ाइक ने संबंधित ऑपरेटर को निर्देशित किया कि समस्या का समाधान प्रखंड स्तर पर शीघ्र सुनिश्चित करें।

अंचल से संबंधित एक मामले में एक ग्रामीण ने भूमि रसीद नहीं कटने की शिकायत की। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए अपर समाहर्ता ने प्रखंड कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी छोटी-छोटी समस्याएं प्रखंड स्तर पर ही निपटाई जानी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता से हो।

बसिया प्रखंड से जुड़ी शिकायतों में आवास सर्वे नहीं होने की बात सामने आई, जिस पर श्री बड़ाइक ने आवेदकों को आवेदन देने के निर्देश दिए और कहा कि सर्वे नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवास का पुनः सर्वे कराते हुए नाम जोड़ने का प्रयास किया जाए।

इसके अतिरिक्त बसिया पुस्तकालय के लाइब्रेरियन ने बताया कि पुस्तकालय परिसर में लगाए गए पौधों को जानवर नुकसान पहुँचा रहे हैं। इस पर अपर समाहर्ता ने लिखित आवेदन देने को कहा और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान केवाईसी, कृषि, राशन कार्ड, सड़क निर्माण सहित कई विषयों पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### उपायुक्त ने की विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

## जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



संवाददाता

**चतरा:** उपायुक्त कीर्तिश्री ने समाहरणालय के सभा कक्ष में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने तम्बाकू के सेवन से बचने के साथ साथ इसके रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। डीसी ने इसके रोक थाम के लिए सभी स्कूलों में तम्बाकू से होने वाले नुकसान से संबंधित जानकारी के लिए बैनर लगाने की बात कही। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर विद्यालय प्रबंधन समिति से बैनर बनवाने की बात कहीं। उपायुक्त ने विद्यालय परिधि के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री करने के साथ 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इसको न बेचने और न खरीदने पर देने की बात कही। आगे कहा कि तंबाकू मीठा जहर है पूरे समाज को इसका बहिष्कार करना चाहिए। मौके पर उपस्थित डीआरसीएचओ एल आर पाठक ने कहा कि तंबाकू या इससे बने उत्पादों के प्रयोग से मुख का कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी होती है। धूम्रपान करने से उसका धुंआ पूरे श्वसन तंत्र व फेफड़ों को प्रभावित करता है। तंबाकू का खतरनाक धुआं हार्ट में ब्लॉकेज पैदा कर देता है जिसे दिल का दौरा पड़ने के आशंका रहती है। उन्होंने आम इससे बचाव के लिए आदमी को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों का विरोध करने तथा इसके धुवें से प्रभावित न होने की अपील की। तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी रश्मि दुबे ने कहा कि तंबाकू एवं इसके अन्य पदार्थों के सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है और इससे आपका रक्तचाप भी बढ़ जाता है। धूम्रपान से अच्छे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। आगे कहा कि तंबाकू एवं गुटका के सेवन से दांत एवं मुंह संबंधी रोग होने की संभावना बनी रहती है। बैठक के पश्चात उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से आम लोगों में तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से होने वाली जानकारी साझा की जाएगी।इस दौरान समाहरणालय परिसर में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, डीएसई रामजी कुमार , सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर मनीष लाल, एसडीपीओ संदीप सुमन, थाना प्रभारी बिपीन कुमार, रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक सहित कई प्रखंडो के बीडीओ, कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## गणेश भंडारी राजद के जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष व छतीस महतो बासुकीनाथ नगर अध्यक्ष चुने गये



संवाददाता

**बासुकीनाथ:** राष्ट्रीय जनता दल के सांगठनिक चुनाव के लिए नियुक्त प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी जरमुंडी ललित यादव और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मयंक रंजन और नगर पंचायत बासुकीनाथ के बीआरओ संतोष मंडल की उपस्थिति में शनिवार जरमुंडी बजरंग बली मोड़ स्थित यात्री शेड में राजद प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव में सर्वसम्मति से गणेश प्रसाद भंडारी और बासुकीनाथ नगर पंचायत अध्यक्ष छतीस महतो सर्वसम्मति से चुने गए। जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए गणेश भंडारी के नामांकन पत्र में प्रस्तावक अवधेश कुमार और कैलाश भगत समर्थक थे। नगर अध्यक्ष पद के लिए छतीस महतो के नामांकन पत्र में अशोक मांझी प्रस्तावक और मुनीलाल खिरहर समर्थक थे।

प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव में सिर्फ एक एक सक्रिय कार्यकर्ता ने नामांकन किया है। इसलिए सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चुने गए दोनों अभ्यर्थियों को प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी

प्रभारी ललित यादव व मयंक रंजन और संतोष मंडल ने क्रमश निर्वाचित घोषित किया। दोनों नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए 15 दिनों के अंदर प्रखंड एवं नगर कमिटी के गठन का निर्देश दिया गया है। पंचायत और वार्ड अध्यक्ष का चुनाव सक्रिय सदस्यों ने सर्वसमिति से चुना गया।

मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पंडित, प्रमुख मरीक, मदन प्रसाद गुप्ता, अर्जुन शर्मा, अनिल पंडित, अवधेश कुमार, नितेश भंडारी, अखिलेश भंडारी, युगल बैठा, हरिमोहन राय, जगदीश राय, संजय मिर्धा, अनिल मुर्मू, विषेश्वर महतो, मंगल मुर्मू, सोमरा मुर्मू, नीना सोरेन, शांति टुडू, पार्वती टुडू, सुकरमुनि सोरेन, कैलाश भगत, सिकंदर शर्मा, सूरज, जय प्रकाश राय, बाली राय, सीताराम राय, उमाकांत, छोटू भंडारी सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिना वीजा व पासपोर्ट के एक नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

### विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 की धारा 14 के तहत उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर व न्यायिक हिरासत में लेते हुए जशपुर जेल भेज दिया गया



**गुमला :** जिला झारखंड एवं बॉर्डर क्षेत्र जशपुर ( छत्तीसगढ़ ) जिला मुख्यालय में बिना वीजा - पासपोर्ट के अपने एक महिला मित्र के साथ बाइक पर घूम रहे नाइजीरियन नागरिक को जशपुर थाना क्षेत्र के गभारिया ग्राम के पास विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 की धारा 14 के तहत विधिवत गिरफ्तार करते हुए, और एक मामला दर्ज करते हुए, उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में लेते हुए जशपुर पुलिस ने जशपुर जिला कारा ( जेल ) में भेज दिया गया हैं , छत्तीसगढ़ राज्य स्थित जशपुर पुलिस प्रशासन के एसएसपी ने बताया की जशपुर पुलिस के मुखबिर ने गुप्त सूचना देते हुए बताया की जशपुर जिला मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में एक नाइजीरियन नागरिक एक महिला मित्र के साथ बाइक में घूम रहा हैं , उक्त सूचना पर जशपुर जिला प्रशासन के एसएसपी. ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने पुलिस पदाधिकारीयों उक्त गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसपर उक्त पदाधिकारियों ने उक्त क्षेत्र में पहूंचकर जशपुर थाना स्थित गंभरिया ग्राम पास उक्त नाइजीरियन नागरिक पर विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 की धारा 14 के तहत उसे गिरफ्तार कर जशपुर थाना लाया गया, और उससे वैध दस्तावेज की मांग की गई,तो वह किसी भी तरह के कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका और पुछताछ के क्रम में उक्त नाइजीरियाई नागरिक ने बताया कि मैं काफी दिनों से भारत की राजधानी दिल्ली में रहकर कपड़े की खरीद बिक्री का व्यापार करता हूं , इस क्रम में जशपुर थाना क्षेत्र की खूंटी टोली ग्राम निवासी एक महिला से काफी दिनों से हम दोनों के बीच में प्रेम प्रसंग चल रहा हैं और मैं अपने उक्त महिला मित्र के साथ शादी करने के उद्देश्य से जशपुर थाना स्थित खूंटी टोली ग्राम आया हुआ हूं और उक्त महिला मित्र से मेरी शादी होने वाली है और इसी सिलसिले में मैं अपने महिला मित्र के घर जशपुर जिला मुख्यालय क्षेत्र के खूंटी टोली ग्राम में आया हुआ हूं , लेकिन उक्त नाइजीरियाई नागरिक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उसे जशपुर ( छत्तीसगढ़ ) पुलिस ने बिना - वीजा - पासपोर्ट के घूमने के आरोप में विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज करते हुए और उक्त नाइजीरियन नागरिक को जशपुर जिला अंतर्गत स्थित गंभारिया ग्राम से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में लेते हुए जशपुर जिला जेल भेज दिया हैं।

## विश्व साइकिल दिवस पर - फिट इण्डिया साइकिल ऑन संडे



**गुमला :** जिला मुख्यालय में आज विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इण्डिया मिशन के तहत रविवार के विशेष संस्करण के आलोक में गुमला जिला अंतर्गत संचालित आवासीय ,डे बोर्डिंग,क्रीड़ा किसलय,खेलो इंडिया प्रशिक्षण केंद्रों गुमला के खिलाड़ी , प्रशिक्षकों ,खेलप्रेमी एवं आमजनों ने फिट इंडिया साइक्लिंग ऑन संडे के तहत तिरंगा साइक्लिंग रैली द्वारा लोगों को फिट रहने के लिए और सप्ताह में एक दिन साइक्लिंग के लिए लोगों से अपील की गई। इस अभियान संडे ऑन साइकिल के बैनर तले एक राष्ट्रीय आन्दोलन का रूप ले लिया है। उक्त अभियान से आम जनों को मोटापा, तनाव मुक्त एवं बेहतर हृदय स्वास्थ्य जैसे लाभों के विषय में जागृत किया जाएगा, साईकिल चलाना प्रदूषण को कम करने के लिए एवं पर्यावरण अनुकूल समाधान के लिए लोगों को जागरूक किया गया ।

# हाल करनौती जंक्शन : मरम्मत के अभाव में प्लेटफॉर्म की हालत जर्जर

### जंक्शन का दर्जा के मुताबिक यात्री सुविधाओं का विस्तार हो : अशोक कुमार सिंह





विशेष संवाददाता

**बख्तियारपुर (पटना):** बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड पर अवस्थित करनौती हॉल्ट को जंक्शन का दर्जा मिलने के बावजूद यहां यात्री सुविधाएं नदारद है। प्लेटफार्म की हालत काफी जर्जर हो गई है। पेयजल, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है। शौचालय तो बनाए गए हैं, लेकिन उसमें पर्याप्त पानी नहीं होने और गंदगी के कारण यात्री वहां जाने से परहेज करते हैं। प्लेटफार्म पर जगह-जगह पर दरारें पड़ गई है। जिसके कारण ट्रेन से यात्रियों के उतरते समय या प्लेटफार्म पर चलते समय अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।

इस संबंध में करनौती ग्राम निवासी जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार सिंह (नेता जी) ने बताया कि करनौती हॉल्ट को जंक्शन का दर्जा मिले दो साल से अधिक हो गया, लेकिन अभी तक स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव करनौती जंक्शन पर हुआ करता था। अब कई महत्वपूर्ण यात्री रेलगाड़ी करनौती स्टेशन पर नहीं रुकती है। इससे आसपास के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार करने की जरूरत है। विदित हो कि करनौती हॉल्ट को जंक्शन का दर्जा दिए जाने के बाद से यहां से एनटीपीसी ,बाढ़ के लिए नई रेल लाइन बिछाई गई है। इस मार्ग से एनटीपीसी (बाढ़) तक कोयले की ढुलाई मालवाहक ट्रेन द्वारा की जाती है। करनौती जंक्शन से बाढ़ तक नई रेल लाइन बनने से हावड़ा से आने वाली ट्रेन हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर भी बाढ़ से सीधे करनौती जंक्शन होते हुए राजगीर प्रस्थान करती है। इससे यात्रियों के समय की बचत होती है।